# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

गुरुवार

07 मार्च 2024

आपकी आवाज





सीएम नीतीश ने 2509 करोड़ की 81 योजनाओं का दिया तोहफा 2




## बेतिया में पीएम मोदी ने 12 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, बोले...

# जंगल राज लानेवालों ने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की

- बोले पीएम मोदी- बिहार में विकास का डबल इंजन लगने के बाद विकसित बिहार से जुड़े कार्यों में और तेजी आ गई है
- पीएम मोदी ने बिहार को दी रेल, रोड, इथेनॉल प्लांट, सिटी गैस सप्लाई, एलपीजी गैस समेत अनेक परियोजनाओं की सौगात

**केटी न्यूज/बेतिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को बेतिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पांच दिनों में पीएम मोदी का यह दूसरी बार बिहार का दौरा रहा। यहां आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 12 हजार करोड़ रू से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल, दोनों डिप्टी सीएम के अलावे भाजपा ने बड़े नेता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लालू परिवार पर बड़ा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में जंगलराज लाने वालों को यहां के लोग कभी माफ नहीं कर सकते। मोदी कहता है कि बिहार में एक ही परिवार की गरीबी मिटी, एक ही परिवार समृद्ध हुआ। मोदी ने यह सच्चाई बताया तो ये लोग मोदी को ही गाली देते हैं। इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं कि मोदी का परिवार नहीं है, क्या इंडी गठबंधन के परिवारवादी नेताओं को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए? आज कर्पूरी ठाकुर जिंदा होते तो ये लोग उनसे भी यही सवाल पूछते जो आज मोदी से पूछ रहे हैं। मेरे लिए तो पूरा देश ही घर है। देशवासी ही हमारे परिवार हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंपारण वह भूमि है जो भारत की आजादी की लड़ाई में नई चेतना का संचार किया। इसी धरती ने महात्मा जी को महात्मा गांधी बना दिया। विकसित बिहार से विकसित भारत, यह संकल्प लेने के लिए बेतिया से बेहतर, चंपारण से बेहतर और कोई स्थान नहीं हो सकता। मुझे यहां आने में विलंब हो गया, थोड़ा ज्यादा समय लग गया। इसके लिए क्षमा मांगता हूं। मैं इसके पहले बंगाल में था। बंगाल में कुछ ज्यादा ही उत्साह है। 12 किलोमीटर का रोड शो था। समय कम करने की कोशिश तो कर रहा था लेकिन रोड शो की वजह से थोड़ी देर हुई। इस कठिनाई के लिए आप तमाम लोगों से क्षमा मांगता हूं।

उन्होंने कहा कि बिहार में विकास का डबल इंजन लगने के बाद विकसित बिहार से जुड़े कार्यों में और तेजी आ गई है। आज भी करीब 13000 करोड़ रुपए की योजनाओं का उपहार बिहार को मिला है। इसमें रेल, रोड, इथेनॉल प्लांट, सिटी गैस सप्लाई, एलपीजी गैस समेत अनेक परियोजनाएं शामिल हैं। विकसित बिहार के लिए हमने यह तेजी पकड़ी है, इसी तेजी को बनाए रखना है।



### बिहार के युवाओं का पलायन बड़ी चुनौती

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में बड़ी चुनौती रही है युवाओं का पलायन। बिहार में जब जंगल राज आया तो यह पलायन और ज्यादा बढ़ गया। जंगल राज लाने वाले लोगों ने सिर्फ और सिर्फ अपने परिवार की चिंता की। बिहार के लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया। बिहार के नौजवान साथी दूसरे राज्यों में रोजी-रोटी के लिए जाते रहे। यहां एक ही परिवार फलता फूलता रहा। किस तरह एक-एक नौकरी के बदले जमीनों पर कब्जा किया गया। क्या कोई भी व्यक्ति इस तरह से लूटने वालों को माफ कर सकता है, क्या क्या आप ऐसे लोगों को माफ कर सकते हैं? क्या बिहार में जंगल राज लाने वाला परिवार बिहार के युवाओं का सबसे बड़ा गुनहगार नहीं है ? जंगल राज के जिम्मेदार परिवार ने बिहार के लाखों नौजवानों का उनका भाग्य छीन लिया। एनडीए सरकार जंगल राज से बिहार को बचाकर इतना आगे लाई है। एनडीए की डबल इंजन सरकार का प्रयास है कि बिहार के युवा को यहीं बिहार में नौकरी मिले, रोजगार मिले। आज हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास हुआ है। इसके मूल में भी यही भावना है। इन परियोजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी कौन हैं, उन्हीं नौजवानों को लाभ होगा जो रोजगार करना चाहते हैं। जो स्कूल कॉलेज में पढ़ रहे हैं।

### 400 पार होना जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि अपनी हार देख इंडी गठबंधन के निशाने पर अब भगवान राम आ गए हैं। इंडी गठबंधन के लोग राम और राम मंदिर के खिलाफ बोल रहे हैं, यह पूरे बिहार के लोग देख रहे हैं। भगवान राम का अपमान करने वालों का साथ कौन दे रहा है, यही परिवारवादी हैं जो दशकों तक रामलला को टेंट में रखा। इनलोगों ने राम मंदिर नहीं बने इसके लिए जी-तोड़ कोशिश की। नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार को चार सौ पार होना बहुत जरूरी है। विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था बनाने के लिए 400 पार होना बहुत जरूरी है।

## पीएम मोदी ने आगरा मेट्रो को दिखाई हरी झंडी

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता से वर्चुअली आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाते ही, उसके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। 32 महीने में प्राथमिक भूमिगत सेक्शन का निर्माण होना था, लेकिन यह 23 महीने में बनकर तैयार हो गया। सात दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगरा मेट्रो का शिलान्यास किया था। इस मौके पर ताज महल मेट्रो स्टेशन से सीएम योगी ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टेशन के अंदर एआई से निगरानी की जाएगी। आगरा मेट्रो यूपी की छठवीं मेट्रो है। फर्स्ट फेज में अभी 6 किलोमीटर तक मेट्रो चलेगी। इसके बीच में प्राथमिकता कॉरिडोर में छह स्टेशन शामिल हैं। जिनके बीच गुरुवार से आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मेट्रो में सफर भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअली शुभांरभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है...शुभकामनाएं। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में आगरा मेट्रो कार्य का शुभारंभ हुआ था और दो वर्ष के अंदर ही प्रायोरिटी सेक्शन के 6 किमी का पहला कार्य पूरा कर लिया गया। जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन है। इस कार्य को पूरा करने के साथ ही इसमें मेट्रो सेवा भी प्रारंभ हो चुकी है। आगरा मेट्रो के शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसके पास सबसे अधिक शहर में मेट्रो की सुविधा है। इससे पहले लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवा प्रारंभ हो चुकी है। आज मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश के छठवें शहर आगरा में ब्रजवासियों के लिए, आगरा वासियों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हुई है।

### सीएम योगी ने पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

सीएम योगी ने कहा कि ये आगरा भी प्रदेश का एक प्राचीनतम शहरों में से है। ये ब्रजभूमि का नगर है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और पराक्रम की गाथा से यह शहर जुड़ा हुआ है। इस शहर ने अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं। आधुनिक सुविधाओं का केंद्र यह शहर बने इसके लिए मेट्रो आवश्यक थी। सीएम योगी ने पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी जी के आभारी हैं कि उन्होंने आगरा को मेट्रो के लिए चयन करके इस कार्य को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य किया। आज वह कार्य भी, सपना भी पूरा हो चुका है। इसके साथ ही आगरा में अन्य सुविधाएं जैसे आगरा के पास अपना एयरपोर्ट हो, उसके सिविल टर्मिनल का कार्य भी तेजी के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। मेट्रो ट्रेन में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एक के 32 बच्चे चुने गए थे। इन्होंने ताजमहल स्टेशन से ताजपूर्वी तक सफर किया। इनकी ट्रेन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाई थी। आगरा मेट्रो ट्रेन में पहली बार सफर करने पर बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। इनके प्रधानाचार्य राजेश पांडे ने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि पूरे शहर में हमारे विद्यालय के बच्चे मेट्रो ट्रेन में सफर करने के लिए चुने गए। लोगों को इस पल का लंबे समय से इंतजार था।

### बंगाल में गरजे पीएम मोदी

## बोले... संदेशखाली में नारीशक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है

**बारासात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला रैली को संबोधित करने पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के बारासात पहुंचे। इस दौरान उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने संदेशखाली मामले में ममता बनर्जी की सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि इस धरती पर तृणमूल कांग्रेस के राज में नारीशक्ति पर अत्याचार का घोर पाप हुआ है। संदेशखाली में जो कुछ भी हुआ, उससे किसी का भी सिर शर्म से झुक जाएगा, लेकिन यहां की टीएमसी सरकार को, आपके दुख से कोई फर्क नहीं पड़ता। टीएमसी सरकार बंगाल की महिलाओं के गुनाहगारों को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा रही है, लेकिन उन्हें पहले हाइकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से भी राज्य सरकार को झटका लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि गरीब, दलित, आदिवासी परिवारों की बहन-बेटियों के साथ टीएमसी के नेता जगह-जगह अत्याचार कर रहे हैं, लेकिन टीएमसी सरकार को अपने अत्याचारी नेता पर भरोसा है, बांग्ला बहन-बेटियों पर भरोसा नहीं है। इस व्यवहार से बंगाल की महिलाएं, देश की महिलाएं आक्रोश में हैं। नारीशक्ति के आक्रोश का ये ज्वार संदेशखाली तक ही सीमित नहीं रहने वाला। दूसरी तरफ भाजपा की केंद्र सरकार है, जिसने बलात्कार और रेप जैसे संगीन अपराध के लिए फांसी की सजा तक की व्यवस्था की है। संकट के समय बहनें आसानी से शिकायत कर सकें, इसके लिए महिला हेल्पलाइन बनाई गई है, लेकिन ळटउ सरकार इस व्यवस्था को यहां लागू नहीं होने दे रही है। ऐसी महिला विरोधी टीएमसी सरकार महिलाओं का कभी भला नहीं कर सकती।

# बीजेपी विधायक के भतीजे की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

### कटिहार में घर से थोड़ी दूर मारी गई गोली

**केटी न्यूज/कटिहार**

कटिहार में कोढ़ा से भाजपा विधायक कविता पासवान के भतीजे नीरज पासवान (35) की हत्या हो गई है। गोली आंख और सीने में लगी है। बुधवार की सुबह दो बदमाशों ने नीरज को घर से कुछ दूरी पर ही गोली मार दी। इस मामले में लोगों ने दो बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। गोली लगने के बाद इलाज के लिए नीरज को आनन-फानन में कटिहार मेडिकल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना संग्राम चौक के पास की है।

मृतक नीरज पासवान की भी आपराधिक छवि थी और वह पूर्व मेयर शिवराज पासवान हत्याकांड में आरोपी था जो कि हाल ही में जेल से छूटकर बाहर निकाला था। नीरज पासवान को नगर थाना क्षेत्र के संग्राम संघ चौक के ड्राइवर टोला के पास गोली मारी गई है। घर से निकलते ही पहले से घात लगाए शातिर अपराधी ने नीरज को गोली मारी। गोली सीने और आंख में लगी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हत्या की इस घटना के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। हत्या की इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया है।

# सत्ता में आने पर रद्द कर देंगे सीएए: पवन खेड़ा

**एजेंसी/गुवाहाटी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वे नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) को रद्द कर देंगे। उन्होंने मणिपुर में जारी हिंसा के दौरान राज्य का दौरा नहीं करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना भी की है। गुवाहटी में प्रेस कॉन्फेरेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, अबतक असम के लिए कट ऑफ तारीख 1971 बहुत खास था, लेकिन सीएए के आने से उनसे ये अधिकार छीन लिए जाएंगे। इसके बाद उनके लिए कट ऑफ तारीख 2014 होगी। उन्होंने बताया कि असम समझौते के अनुसार, बांग्लादेश से असम में प्रवेश करने वाले नागरिकों की कट ऑफ तारीख 25 मार्च 1971 है। सीएए के तहत मोदी सरकार



बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसियों को नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए हैं। पवन खेड़ा ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो हम सीएए रद्द कर देंगे। उन्होंने आगे बताया, 2019 में सीएए को संसद में पारित किया गया था और इसे राष्ट्रपति की भी मंजूरी मिल गई थी, जिसके बाद उत्तर-पूर्वी राज्यों में इसे लेकर काफी हंगामा भी हुआ था।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने कहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले वह सीएए लागू करने के नियमों को जारी करेंगे। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के असम दौरे के दौरान कांग्रेस ने मणिपुर नहीं जाने पर उनकी आलोचना की थी। पवन खेड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री मणिपुर जाने से क्यों डर रहे हैं? हम उनसे अनुरोध करते हैं कि जब वह यहां आए तो कम से कम आधे घंटे के लिए राज्य का दौरा करें। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा में अबतक 219 लोगों की मौत हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भ्रष्टा बताते हुए कहा कि जनता उन्हें जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने यह दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस असम में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### अभिनव सिंघल के अपहरण व रंगदारी के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

# जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सात साल की सजा

- अपहरण व रंगदारी मामले में कोर्ट ने पूर्व सांसद के साथी संतोष विक्रम को भी सात साल की सुनाई सजा
- दोनों पर 75000 रुपए का लगाया जुर्माना, पुलिस अभीरक्षा में लेते हुए भेजा गया जेल

**केटी न्यूज/जौनपुर**

एमपी एमएलए कोर्ट ने जौनपुर जिले के पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह को जौनपुर लाइन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत के 10 मई 2020 को हुए नमामि गंगे परियोजना के तहत जनपद में चल रहे कार्य के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण व रंगदारी के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व संतोष विक्रम को अपर सत्र न्यायाधीश शरद त्रिपाठी ने मंगलवार को दोषी करार दिया था और



धनंजय सिंह को कोर्ट ने पुलिस अभीरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया था। बुधवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने गवाहों और तमाम साक्ष के आधार पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 7 वर्ष की कारावास और 75000 के दंड से दंडित किया है।

नमामि गंगे प्रोजेक्ट के मैनेजर अभिनव सिंघल ने लाइन बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था कि 10 मई 2020 को विक्रम और उसके सहयोगियों द्वारा उसका अपहरण करके धनंजय सिंह के आवास पर ले जाया गया। जहां धनंजय ने पिस्टल निकाल कर धमकाया। रंगदारी मांगा आरोपियों ने जबरन गिट्टी बालू की आपूर्ति के लिए दबाव डालते हुए धमकी दिया। वादी की एफआइआर पर आरोपी गिरफ्तार हुए जेल गए। बाद में वादी द्वारा अपनी तहरीर में कही गई बातों से मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में मुकर गया और कहा कि धनंजय व विक्रम ने न तो अपहरण कराया न रंगदारी मांगी। वादी के घटना से मुकरने का फायदा विक्रम को तो मिल गया लेकिन धनंजय सिंह से कहीं चूक हो गयी।

सूत्रों की मानें तो पहले विवेचक ने फाइनल रिपोर्ट ऑफिस में दाखिल भी कर दी थी बाद में पुलिस के उच्च अधिकारी के आदेश से पुनः विवेचना हुई और इस बार चार्ज शीट दाखिल हुई। बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह व उनके साथी संतोष विक्रम सिंह को सात वर्ष की सजा और 75 हजार जुमार्ने की सजा सुनाई। पांच मार्च को कोर्ट ने धनंजय सिंह पर दोष सिद्ध करार दिया था। छह मार्च को सजा सुनाई है। इस मामले में जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता सतीश कुमार पांडेय ने बताया तीन अलग अलग धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई है एक मामले में पांच वर्ष तथा दो अन्य मामलों में एक एक वर्ष की सजा सुनाई गई है। 364 आईपीसी में सात वर्ष की सजा पचास हजार का जुमार्ना,386 आईपीसी में पांच साल की सजा और 25 हजार जुरमाना,504 आईपीसी में एक साल की सजा दस हजार का जुमार्ना तथा 506 आईपीसी में दो वर्ष की सजा और 15 हजार का जुमार्ना लगाया है। वहीं इस मामले में धनंजय सिंह ने मीडिया से कहा कि एमपी एमएलए कोर्ट से सजा हुई है हमे माननीय कोर्ट पर पूरा भरोसा है हम हाइकोर्ट में अपील करेंगे।




## सीएम ने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकर्पण कर बिहार को दिया...

# 2509 करोड़ की 81 योजनाओं का तोहफा

- लघु उद्यमी योजना के चयनित 40 हजार लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि जारी
- बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभुकों को अनुदान के प्रथम किस्त का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने 2 हजार 509 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग की कुल 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 5 लाभुकों अजय कुमार, शमशाद हुसैन, एम फातिमा, नंदन कुमार एवं दीपा कुमारी को प्रथम किस्त के रूप में 50-50 हजार का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित 40 हजार 102 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 200 करोड़ 51 लाख रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग की 1 हजार 68 करोड़ रुपये की लागत से कुल 75 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत 40 हजार 102 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी 50 हजार रुपये की दर से अनुदान उपलब्ध कराया गया। उद्योग विभाग द्वारा 447 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 33 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं 621 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली 42 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 59 करोड़ रुपये की लागत से बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण किया, जिसके अंतर्गत कृषि उत्पादों के रेडिएशन एवं पैकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण एवं भागलपुर जिलों में 24 लाख वर्ग फीट के प्लग एण्ड प्ले शेड्स का उद्घाटन किया गया।

उद्योग विभाग के अंतर्गत 106 करोड़ रुपए की लागत से पटना जिले के फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया, पूर्णियां जिले के पूर्णियां इंडस्ट्रियल एरिया तथा भागलपुर जिले के बरारी इंडस्ट्रियल एरिया में स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, बिटुमिनस रोड तथा स्ट्रीट लाईट संबंधी योजना का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास की जा रही योजनाओं के अंतर्गत 21 करोड़ 9 लाख रुपए की लागत से पटना के गांधी मैदान के पास उद्योग भवन एवं फ्रेजर रोड पर बीएसएफसी बिल्डिंग में नए स्टार्ट अप बिजनेस सेन्टर संबंधी योजनाओं के साथ-साथ 4 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के गोरौल इंडस्ट्रियल एरिया में फ्लेक्सिबल पेवमेन्ट योजना शामिल है। 9 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से नालन्दा, भागलपुर और गोपालगंज जिलों में जिला उद्योग केन्द्र के नये भवन तथा बक्सर जिले में बियाडा कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही 36 करोड़ 97 लाख की रुपए की लागत से भागलपुर जिले में सीपेट बिल्डिंग तथा हाजीपुर जिले में सीपेट ब्वायज हॉस्टल का निर्माण कार्य एवं 31 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर एवं पानापुर इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क एवं पुल का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावे 7 करोड़ रुपए की लागत से रोहतास जिले के दिनारा में टूल एवं ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट तथा हॉस्टल का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग की 1 हजार 441 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से कुल 06 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इसके अंतर्गत 1 हजार 374 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं 66 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 1 योजना का शिलान्यास किया गया। भवन निर्माण विभाग की लोकार्पित की जा रही योजनाओं के अंतर्गत वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह शामिल हैं। 120 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री द्वारा इसका शिलान्यास 05 मई 2022 को किया गया था। इस सभागार में 500 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला अत्याधुनिक प्रेक्षागृह, ग्रीन रूम, अतिविशिष्ट कक्ष, भोजनालय, बहुद्देशीय हॉल एवं एक बड़ा सभागार है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त अतिथि गृह में 01 अति विशिष्ट सुइट, 05 सुइट, 27 सुपर डीलक्स एवं 30 डीलक्स कमरे, 25 सामान्य कमरे तथा 40 बेड की डॉरमेट्री है।

## अशोक चक्र विजेता शहीद की बहन की शादी में शामिल हुए 16 गरुड़ कमांडो, निभाई रस्में

- 16 गरुड़ कमांडों ने भाई के रूप में निभाई शादी की सभी रस्में



**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

रोहतास के बिक्रमगंज के आनंद नगर में उस समय एक साधारण शादी खास बन गई जब भारतीय वायु सेना के 16 गरुड़ कमांडो शादी में पहुंच गये। दरअसल 18 नवंबर 2017 को पाकिस्तानी आतंकियों से लोहा लेते जम्मू के बांदीपुर सेक्टर में शहीद हुए अशोक चक्र विजेता गरुड़ कमांडो ज्योति प्रकाश निराला की छोटी बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए सभी जवान पहुंचे थे। इतना ही नहीं अपने शहीद साथी की छोटी बहन की विदाई के समय 16 गरुड़ कमांडों ने अपने हथेली पर बहन का पाव रखकर ससुराल के लिए विदा किया। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। बता दें कि अशोक चक्र विजेता शहीद गरुड़ कमांडो ज्योति प्रकाश निराला भाइयों में अकेला था। उनके ऊपर तीन बहनों की शादी की जिम्मेवारी थी लेकिन बहन की शादी के पहले ही वे शहीद हो गये। ऐसे में भाई के दोस्तों ने भाई का यह फर्ज निभाया। बता दें कि शहीद जवान की बहन सुनीता कुमारी बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर है और उसकी शादी बक्सर के धनसोई के रहने वाले सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार के साथ हुई है। अपने शहीद दोस्त के बहन की तमाम रस्म में गरुड़ कमांडो के ग्रुप ने भाई बनकर निभाया। शादी की तमाम रस्मों ही नहीं बल्कि शादी के हरेक काम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।




## ऑटो पलटने से शादी में भाग लेने जा रहे युवक की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

पवना थाना क्षेत्र के पवार मोड़ के समीप बुधवार की शाम एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गयी। उसमें शादी समारोह में भाग लेने जा रहे एक युवक की मौत हो गई। हादसे में उसकी बुआ और चचेरी बहन समेत पांच लोग जख्मी हो गए। ऑटो चालक भी चोटिल हुआ है। घायलों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में कराया जा रहा है। मृत युवक चौरी थाना क्षेत्र के कोसियर गांव निवासी काशीनाथ सिंह का 46 वर्षीय पुत्र फुदेना प्रसाद था। घायलों में उसकी बुआ लीलावती देवी,चचेरी बहन सुगंती देवी,चाची शिवकुमारी देवी और चालक समेत दो अन्य लोग शामिल हैं। चचेरे भाई राज कुमार ने बताया कि उसके चचेरे चाचा नागेंद्र ततवा की नतिनी पार्वती की शादी संदेश गांव स्थित मंदिर में हो रही थी। उसी में शामिल होने सभी लोग गांव से ऑटो रिजर्व कर संदेश जा रहे थे। उसी दौरान पवार मोड़ के समीप ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें सभी लोग जख्मी हो गए।? ऑटो के नीचे दबने से उनका चचेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले जाया जा रहा था। तभी उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। गड़हनी पीएचसी पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। तब उनके शव को आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर सदर अस्पताल में तैनात पुलिस पदाधिकारी की ओर से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने पांच भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर थे। उसके परिवार में मां अवंतो कुंवर, पत्नी कृष्णामणि देवी, पुत्र विशाल कुमार, राहुल कुमार और पुत्री नंदनी कुमारी है।

## बिहार में 4 जिलों के एसपी समेत 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले बिहार में ताबड़तोड़ तबादलों का दौर जारी है। राज्य सरकार ने बुधवार को कुल 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। जिसमें चार जिलों के एसपी शामिल हैं। बिहार सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक खगड़िया, वैशाली, किशनगंज और अरवल में नये एसपी की तैनाती की है। खास बात ये भी है कि अपने कारनामों से नीतीश के कोपभाजन बने चंदन कुशवाहा को मलाईदार पोस्टिंग मिल गयी है। उन्हें खगड़िया का एसपी बनाया गया है। चर्चा ये है कि सम्राट चौधरी की सिफारिश पर चंदन कुशवाहा को कोल्ड स्टोरेज से निकाल कर फील्ड में भेजा गया है। वे पटना में होमगार्ड के कमाडेंट पद पर तैनात थे. सरकारी महकमे में हो रही चर्चा के मुताबिक चंदन कुशवाहा के कई कारनामे नीतीश कुमार के संज्ञान में आए थे। लिहाजा उन्हें संटिंग पोस्ट पर रखा जा रहा था। लेकिन हालिया दिनों में सम्राट चौधरी से उनकी ट्यूनिंग हुई थी। इसके साथ ही वैशाली के एसपी कार्तिकेय के शर्मा को भी बदला गया है। उन्हें बीएमपी में एआईजी बनाया गया है। वैशाली में हरकिशोर राय को नया एसपी बनाया गया है। खगड़िया के एसपी सागर कुमार को किशनगंज का नया एसपी बनाया गया है। वहीं, किशनगंज में पहले से एसपी पद पर तैनात डॉ इनामुलहक मेंगनू को पटना में होमगार्ड का कमाडेंट बनाया गया है। अरवल के एसपी विद्यासागर को पटना का सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी बनाया गया है। राजेंद्र कुमार भील को अरवल का नया एसपी बनाया गया है। वहीं, सीआईडी में एएसपी पद पर तैनात काम्या मिश्रा को दरभंगा का ग्रामीण एसपी बनाया गया है।

## पीएम हिंदू होते तो बाल छिलवाते : लालू

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हमने कोई गलत नहीं बोला। अगर वे (मोदी) हिंदू होते तो अपनी मां के अंतिम संस्कार के समय बाल छिलवाते, उन्होंने बाल क्यों नहीं छिलवाया। हम किसी से डरने वाले नहीं हैं। पीएम को बिहार की जनता जवाब देगी।

## बीपीएससी की 16 मार्च को होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा रद्द

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे तरह की एक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 16 मार्च को एक ही पाली में होने वाली थी। बिहार लोक सेवा आयोग के इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बीपीएससी की ओर से बताया गया है कि 16 मार्च होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। 15 मार्च होने वाली परीक्षा होगी। इसके लिए सात मार्च से अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थी बिहार लोक सेवा आयोग के वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

## ट्रक की ठोकर से ऑटो पलटा, महिला की मौत

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहां बांध के समीप बुधवार की शाम अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें ऑटो पर सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि सात लोग जख्मी हो गए। मृत महिला कोईलवर वार्ड नंबर 7 निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना के 36 वर्षीया पत्नी रिंकी देवी थी। हादसे का कारण अवैध और ओवरलोडेड बालू की ढुलाई एवं तेज रफ्तार बताया जा रहा है। कोईलवर निवासी धर्मेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना ने बताया कि सभी महिलाएं चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव गई थी। शाम में सभी ऑटो से वापस घर लौट रही थी। इसी बीच धनडीहां बांध के समीप पीछे से आ रहे बालू लदे एक ट्रक ने ऑटो में जोरदार ठोकर मार दी।









# स्टेडियम प्रोजेक्ट पर ग्रहण... नौ वर्ष बाद भी नहीं शुरू हुआ निर्माण

- छात्र एवं युवा कल्याण, कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार के माध्यम से हो रहा था राज हाईस्कूल खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण
- नप ने राज हाई स्कूल खेल मैदान की चाहरदीवारी का कराया था निर्माण

**अमरनाथ केसरी/बक्सर**

सरकारी दांव-पेंच में राजहाई स्कूल के खेल-मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने का सपना कागजों में सिमट कर रह गया है। स्टेडियम बनाने के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी रमन कुमार ने अपने 05-1058 दिनांक 15.04.2015 के माध्यम से निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण, कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार को स्टेडियम बनाने के लिए पत्र भेजा था। पत्र में इस बात का जिक्र था कि राज हाई स्कूल में स्टेडियम निर्माण के लिए 180 मीटर लंबा व 120 मीटर चौड़ा कुल रकबा-5.34 एकड़ भूमि उपलब्ध है। इस पत्र के आलोक में कला संस्कृति एवं युवा विभाग के ज्ञापांक-03 सं 6-29/2010 103 दिनांक 10.06.2015 के माध्यम से मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत 68 लाख 23 हजार 700 रुपये की राशि स्वीकृत दी थी। साथ ही विभाग ने तथा तत्काल 35 लाख रुपये जिला प्रशासन को निर्माण कार्य कराने के लिए भेज भी दिया था।



निर्माण कार्य हेतु भवन निर्माण विभाग को कार्य एंजेसी बनाया गया था। विभागीय सूत्रों के अनुसार इसी बीच भवन निर्माण विभाग से पुनः एक डीपीआर तैयार कर ढाई करोड़ की राशि प्राप्ति के लिए छात्र एवं युवा कल्याण, कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार को भेज दिया गया। ऐसे में विभाग ने स्वीकृति प्रदान नहीं की। पहले से आये 35 लाख रुपये भी खर्च नहीं हो पाए। जिससे स्टेडियम बनने का सपना खटाई में पड़ गया। कार्य संपन्न नहीं हो पाया।

**नगर परिषद से हुआ था। चाहरदीवारी का निर्माण:** सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2015-16 में नगर परिषद ने राज हाई स्कूल की चाहरदीवारी का निर्माण कराया था। एक साथ संपूर्ण कार्य कराने के लिए टेंडर निकाला पड़ता। इसलिए चाहरदीवारी को चार भागों में बांट कर कार्य कराया गया। ताकि विभागीय कार्य हो सके। एक तरफ की बाउंड्री के लिए 7 लाख 33 हजार रुपये खर्च किये गये थे। प्राप्त आरटीआई के अनुसार करीब 29 लाख रुपये खर्च किये गये थे। जानकारों का कहना है कि तीन तरफ की बाउंड्री तो दिखाई पड़ रही है। वहीं चौथी ओर स्कूल का भवन है। वहां पर तो कोई बाउंड्री नहीं है। एक तरफ की बाउंड्री की राशि का बंदरबांट कर लिया गया। जानकारों का कहना है कि खेल मैदान की पुरानी बाउंड्री से जो ईंटें निकली थी। उसी का प्रयोग नई बाउंड्री में कर दिया गया था। स्थानीय विधायक अजीत सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से खेल मैदान में गेट का निर्माण कराया गया है।

**एक दिन का लगता है एक हजार:** राज हाई स्कूल के प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा ने बताया कि नियमानुसार यदि कोई भी कार्यक्रम राज हाई स्कूल के खेल मैदान में होता है। तो उसे किराये के तौर पर एक दिन का एक हजार रुपये की राशि लेने का प्रावधान है। यह राशि स्कूल के विकास मद में खर्च होती है। इस संबंध में स्थानीय विधायक अजीत सिंह कुशवाहा ने बताया कि मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने व इसके विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### कॉलेज गयी छात्रा गायब, केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र से एक छात्रा के गायब होने का मामला प्रकाश में आया हैं। छात्रा के परिजनों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया हैं। छात्रा की मां ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि पूर्व में मेरी 17 वर्षीय बेटी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। वह एक मार्च को प्रैक्टिकल की परीक्षा देने के लिए घर से कॉलेज के लिए निकली थी लेकिन शाम तक वापस नही आयी तो खोजबीन शुरू की गयी। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव के ही रोहित मिश्र, रामजी मिश्र, भोला मिश्र और भिरुंग मिश्र ने साथ दिया है। इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी हैं।

### अमित कुमार बने बक्सर नप के नये ईओ

**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम का तबादला हो गया है। उनके जगह नोखा नगर परिषद के ईओ अमित कुमार को बक्सर नगर परिषद का ईओ बनाया गया है। जबकि बक्सर नप की ईओ प्रेम स्वरूपम का तबादला जहानाबाद जिला में किया गया है।

### पहले किस्त में चयनित लाभुकों को मिलेगा 50 हजार रुपये की राशि

# सीएम के वर्चुअल उद्घाटन के बाद डीएम ने चयनित लाभुकों को सौंपा डमी चेक

- लाभुकों को तीन किस्तों में लघु उद्योग की स्थापना के लिए मिलेगा दो लाख रूपए
- मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का सीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन, जिले के 546 लाभुकों का हुआ है चयन

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का वर्चुअल उद्घाटन किया तथा चयनित लाभुकों के प्रथम किस्त की राशि के भुगतान की शुरुआत की। इस योजना के तहत बक्सर जिले में कुल 546 लाभुकों का चयन हुआ है। जिन्हें तीन किस्तों में दो लाख रुपए की राशि लघु उद्योग की स्थापना के लिए दी जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के बाद डीएम अंशुल अग्रवाल ने चयनित लाभुकों में से पांच को प्रथम किस्त के तहत 50-50 हजार रुपए का डमी चेक दिया। डीएम ने जिन लाभुकों को डमी चेक दिया उनमें धर्मराज राम एवं अनिता देवी को रेडीमेड्स वस्त्र निमार्ण के लिए, मीरा देवी को ब्यूटीपार्लर के लिए, नीरंजन कुमार सिंह को इनवर्टर-स्टेबलाइजर एसैम्बलिंग एवं संजय कुमार गोंड को ऑटो गैरेज के लिए 50 हजार रुपए की प्रथम किस्त की राशि का डमी चेक वितरित किया गया। उन्होंने लाभुकों से उनके द्वारा स्थापित किये जा रहे उद्यम के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि प्रथम किस्त की राशि का सदुपयोग करते हुए शीघ्र उद्यम स्थापना करें ताकि उन्हें द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि शीघ्र प्रदान की जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त बक्सर, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र बक्सर एवं सभी चयनित उद्यमी उपस्थित थे। इस दौरान लाभार्थियों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि लाभुकों को तीन किस्तों में दो लाख रूपए की राशि दी जाएगी। पहले किस्त में चयनित लाभुकों को 50 हजार रूपए दिया जाएगा। इसकी उपयोगिता जमा करने के बाद द्वितीय किस्त के तहत एक लाख रूपए दिए जाएंगे। वही द्वितीय किस्त की उपयोगिता प्रमाण पत्र देने के बाद तीसरी व अंतिम किस्त के तहत 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## ब्रह्मपुर में डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक



**ब्रह्मपुर।** जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटो को मतदान के पूर्व मूल दायित्व के रूप में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों को उनके संबंधित मतदान केन्द्रों के पहुंच पथ तथा अन्य मुख्य पथ की अद्यतन स्थित का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। ताकी मतदान केन्द्रों पर यदि पहुंच पथ खराब है तो उसे समय रहते दुरूस्त कराया जा सकें। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से दो दिनों के अंदर इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया। वही, मतदान केन्द्र में पेयजल, शेड, रैम्प, शौचालय एवं टेलीफोन, विद्युत आदि सहित मतदान केन्द्र के भवन की भौतिक स्थिति की जांच कर इसमें सुधार का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने को भी कहा गया। इस दौरान डीएम ने उन्हें बताया कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर के परिधि में किसी राजनैतिक दल का कार्यालय नहीं होना चाहिए। प्रभार के मतदान केन्द्रों के मतदाताओं, आमजनों को ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन तथा प्रशिक्षण कराने को भी कहा गया, ताकी मदान के दौरान मतदाताओं को मत देने में किसी तरह की असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि सेक्टर दंडाधिकारी यह निश्चित करेंगे कि मतदान की पूर्व संध्या पर मतदान दल मतदान सामग्रियों के साथ अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच गये कि नहीं। मतदान केन्द्र पर पूर्व संध्या पर नहीं पहुंचने वाले कर्मियों की सूचना देने का निर्देश भी डीएम ने दिया।

# डुमरांव में कैसरे हिन्द की जमीन की घेराबंदी के खिलाफ शुरू हुआ अनिश्चितकालीन अनशन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद् डुमरांव में सार्वजनिक संपत्ति बचाओ मंच डुमरांव के तत्वावधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ। अध्यक्षता पूर्व शिक्षक ललन सिंह यादव और मंच संचालन बलराम सिंह ने की। मुख्य वक्ता राधा किशन सिंह जो 1990 के उक्त कैसरे हिंद सार्वजनिक जमीन घेराबंदी के विरोध के अगुआ थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उक्त जमीन घेराबंदी के विरोध में आज भी लड़ूंगा। वक्ता के रूप में सुशील कुमार, विजय यादव, राजद नेता अखिलेश यादव, मनोज कुमार ठाकुर राजद प्रखंड अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह प्रखंड अध्यक्ष चौगाई,



रामनारायण राम जिला सचिव राजद, प्रदीप शरण, नसीम अख्तर सामाजिक मंच, तारकेश्वर यादव, सुरेन्द्र पहलवान आदि ने अपने विचार रखे। धरना स्थल पर उपस्थित आवास विहीन अनुसूचित जाति बस्ती की महिलाओं ने अपने लिए आवास की मांग भी की। सभी वक्ताओं ने प्रशासन के द्वारा कार्य नहीं रोकने की घोर निन्दा की। इस अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे समाजसेवियों ने कहा कि धरना कल भी जारी रहेगा। गौरतलब है कि डुमरांव में प्रशासनिक सांठ-गांठ से कैसरे हिंद की सार्वजनिक जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है। जबकि इस जमीन की कीमत करोड़ों रुपये है। इस मामले में स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम, नारी सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम : शीला त्रिवेदी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा बक्सर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में जीविका बहनों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना। यह कार्यक्रम डुमरांव मंडल अध्यक्ष वीना जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था। जिसमें मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी कंचन, जिला अध्यक्ष भोला सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला त्रिवेदी, डुमरांव मंडल अध्यक्ष चुनमुन वर्मा, मंत्री कविता सहित महिला मोर्चा की सैकड़ो कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जीविका की सीएमओ को सम्मानित



किया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की सराहना करते हुए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला त्रिवेदी ने कहा कि मोदी सरकार नारी शक्ति के लिए समर्पित है। मोदी सरकार की योजनाओं के केद्र में नारी शक्ति है। जिसमें महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। कार्यकर्म के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष वीना जायसवाल ने किया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकताओं के साथ ही सैकड़ो की संख्या में जीविका समूह से जुड़ी जीविका दीदिया मौजूद थी। जीविका दीदियों ने भी केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की तथा कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं को बड़ा लाभ मिल रहा है।

### डुमरांव के राजगढ़ स्थित मार्बल हॉल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डीएम ने कहा, वोट देकर लोकतंत्र में निभायें भागीदारी

- डुमरांव से शुरू हुआ महिला मतदाता जागरूकता अभियान
- डीएम ने कहा-हर महिला पहले वोट तब जलपान के आधार पर अपने-अपने बूथों पर जाकर दें अपना वोट

**केटी न्यूज/डुमरांव**

छोड़े अपने सारे काम-चलो पहले करे मतदान बुधवार को डुमरांव के मार्बल हॉल सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत करते हुए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने मतदान के प्रति महिलाओं को जागरूक किया और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता अपने मौलिक अधिकार के प्रति सजग रहें और लोकतंत्र में भागीदारी को लेकर बढ़-चढ़कर मतदान करे। उन्होंने पहली बार युवा और महिला मतदाताओं को जो मतदाता सूची में शामिल हुई है उन्हें मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। डीएम ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपके वोट से अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव हो सकता है। हर महिला पहले वोट तब जलपान के आधार पर अपने-अपने बूथों पर जाकर वोट



दें तथा गांव मोहल्ले और घर के पड़ोसियों को भी मतदान के महत्व को समझाते हुए वोट देने के प्रति जागरूक करे। डीएम ने महिलाओं के वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों और समाजसेवियों से भी आह्वान किया ताकि महिला मतदाताओं को शत प्रतिशत वोटिंग से पूरे प्रदेश में बक्सर का स्थान अव्वल रहें। जन शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित महिला मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तकला प्रदर्शनी लगाया गया था, जिसमें संस्थान द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं ने अपने हुनर के बदौलत आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बढ़ाया। महिलाओं द्वारा निर्मित रंग-बिरंगे कलाकृतियों का डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने सराहना की। इस दौरान एसपी मनीष कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी के भी लोभ -लालच में नहीं आना चाहिए। क्योंकि जरा सा आपका लालच आपके क्षेत्र के विकास को रोक सकता है। क्योंकि यह देश के विकास व प्रगति की आधारशीला है। एक-एक वोट की कीमत है। इसमें अपनी भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। ताकि हर देश व क्षेत्र के लिए बेहतर योजनाओं का चयन हो सके। देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सके। डीएम के साथ एसपी मनीष कुमार, डीडीसी डॉ महेंद्र प्रसाद, डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के अलावे संस्थान के चेयरमैन निर्मल कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। संस्था द्वारा आगत अतिथियों को बुके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान दिया गया। मौके पर डुमरांव थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीशा राणा, कई प्रखंडों के सीडीपीओ, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**केसठ।** नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार की ओर से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु रोजाना कहीं ना कहीं सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में महाशिवरात्रि व लोक सभा चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को लेकर नावानगर पुलिस ने स्थानीय नया बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष नंदू के नेतृत्व में जवानों की टुकड़ी के साथ केसठ नया बाजार होते हुए पुराना बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में मार्च कर लोगों को भय मुक्त हो कर मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने वोटरों से निर्भीक होकर गणतंत्र के इस पर्व में मतदान के जरिए अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा की लोगों को भयभीत होकर मतदान नहीं करना है ये लोगों का अपना अधिकार है। मार्च में पुलिस जवानों के साथ साथ मनोज चौकीदार, रामजी चौकीदार, रवि चौकीदार शामिल थे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर हुई बैठक

केसठ। प्रखंड के कुलमनपुर गांव स्थित जन वितरण प्रणाली केंद्र पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन अरोग्य योजना के तहत राशन कार्ड धारियों के लाभुकों का आयुष्मान कार्डे बनाने को लेकर बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व जन वितरण प्रणाली के डीलर किशोरी सिंह ने किया।वही सीएससी संचालक कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि शिविर में दो सौ से अधिक राशन कार्डधारी लाभार्थियों को आयुष्माने कार्डे बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहते आयुष्मान कार्ड धारियों को पांच लाख रुपए तक निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। ताकि लाभुक सही तरीके से अच्छे अस्पताल में विभिन्न बीमारियों का इलाज करा सके। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्डे बनाने को लेकर पंचायत के विभिन्न गांवों से लाभार्थियों की जुट हुई थी। आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आधार कार्ड एवं पहचान पत्र लेकर के शिविर केंद्र पर जाना है।

### किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार स्थित टोला में केसठ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में बुधवार को किसाने गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसाने गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशीले किसाने चंद्र कांत तिवारी ने की। वही संचालन राहुल कुमार दुबे किया। किसाने गोष्ठी में क्षेत्र के लघु किसाने एवं प्रगतिशीले किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में कंपनी के उद्देश्य, भारत सरकार के माध्यम से किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं किसानों के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान विशेष फसल लगाने,पशुपालन करने,साग सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन,शिमला मिर्च,पपीता एवं केला की खेती करने को लेकर जानकारियां दी गई। इसमें किसानों ने उत्साहित होकर अपनी रुचि दिखाई। वही कंपनी के सदस्य बनने के लिऐ किसानों का ऑन द स्पॉट फॉर्म भी भरा गया। इसके अलावा कंपनी से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने को लेकर जागरूक करने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर कृष्णकांत, जयप्रकाश पाल, वेणु गोपाल तिवारी, राज किशोर मिश्र, कमलेश दुबे, सुमन तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी,गोल्डी दुबे,नागेंद्र तिवारी,अरुण मिश्र, सत्येंद्र महतो, वीरेंद्र पाल, शशि पाल समेत अन्ये किसाने मौजूद थे।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के हरोजा गांव में परिवार के प्रताड़ना से तंग आकर बुधवार को एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाकर सिकरौल थाना में पति समेत तीन लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया हैं। मृतिका की पहचान सरोजा गांव निवासी मुन्ना यादव की पत्नी पूजा देवी के रुप में हुई है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। दर्ज एफआईआर में मृतका की बहन कुसुम देवी उर्फ सुषमा देवी ने बताया है कि कैमूर जिला के कुदरा थाना अंतर्गत शिवगंज गांव निवासी भीम सिंह की पुत्री पूजा देवी की शादी सिकरौल थाना के हरोजा गांव निवासी धर्मेंद्र यादव के पुत्र मुन्ना यादव से छह साल पूर्व हुई थी।इधर कुछ दिनों से पति - पत्नी के बीच तनाव चल रहा था। साथ ही ससुराल वालों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसका जिक्र मृतका द्वारा अपने मायके वालों से बराबर किया जाता था। मृतका की बहन ने बताया कि ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी की है। इस संबंध में पति मुन्ना यादव, ससुर धर्मेंद्र यादव व सास को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### शराब धंधेबाज वार्ड पार्षद गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद के वार्ड चार के पार्षद व पुराना भोजपुर तकिया मोहल्ला निवासी लक्ष्मण चौधरी को पुलिस ने शराब तस्करी मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शराब निर्माण व तस्करी के मामले में वार्ड पार्षद की गिरफ्तारी चर्चा का विषय बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में नया भोजपुर ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना पर इनके खेत में छापेमारी कर शराब निर्माण का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान अर्द्ध निर्मित व निर्मित शराब के अलावे शराब बनाने के उपकरण भी बरामद हुए थे। पुलिस के जांच में लक्ष्मण के इस कारोबार में शामिल होने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार लक्ष्मण चौधरी पर पिछले वर्ष अवैध तरीके से शराब निर्माण के मामले के दर्ज हुए थे। इनके खेत से निर्मित व अर्द्ध निर्मित शराब के अलावे शराब बनाने के उपकरण भी मिले थे। जिसके बाद पुलिस को इनकी तलाश थी।



# धोबहां में गंगा नदी में स्नान करने गये युवक की डूबने से मौत, घर में कोहराम

◆ ग्रामीणों और पुलिस के प्रयास से शव को निकाला गया बाहर

**केटी न्यूज/आरा**

धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित समीप गंगा नदी में बुधवार को डूबने से एक युवक की मौत हो गई। स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से युवक गंगा नदी में डूब गया। मृत युवक धोबहां थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव निवासी स्व.राम बरत बिंद का 35 वर्षीय पुत्र राम बदन बिंद था। चचेरे भाई सुसेन्द्र प्रसाद उर्फ बुट्टी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे राम बदन बिंद सलेमपुर गांव स्थित गंगा नदी में स्नान करने गया था। नहाने के दौरान पैर फिसलने के कारण वह गंगा में डूब गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे और थाने को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोपहर में उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। उसके बाद पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सूचना मिलने पर जिप सदस्य भीम यादव सदर अस्पताल पहुंचे और मृत युवक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजे देने की भी बात कही। बताया जा रहा है कि युवक अपने दो भाई





फाइल फोटो

और चार बहनों में चौथे स्थान पर थे। उसके परिवार में पत्नी मीरा देवी, पुत्री रीना, ऋभा, शिवानी और पुत्र चुन्नू है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी मीरा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### 11 को मनेगी पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि

**औरंगाबाद।** महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के पिछले बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में आगामी 11 मार्च को पृथ्वीराज चौहान पुण्यतिथि समारोह मनाने वास्ते गठित उपसमिति की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के संयोजक जगदीश सिंह ने किया जबकि संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 11 मार्च को वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि समारोह भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। पुण्यतिथि समारोह में 11 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा,चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया जाएगा।पृथ्वीराज के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात,उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित विचार गोष्ठी भी आयोजन किया गया है।आज के महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह एवं डॉ संजीव रंजन,वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह,राम भजन सिंह, मनोज कुमार सिंह,गोरखनाथ सिंह चंद्र प्रकाश विकास,भीम सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### कोईलवर में यूपी नंबर की ट्रक से 1346 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

**आरा।** भोजपुर की कोईलवर थाने की पुलिस ने मंगलवार को आरा-छपरा फोरलेन के रास्ते शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस द्वारा यूपी नंबर एक ट्रक से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की गयी है। हालांकि तस्कर पुलिस को देख भाग निकले। एसपी प्रमोद कुमार ने यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र में स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास ट्रक से शराब की बड़ी खेप आने वाली है। सूचना का सत्यापन करते हुए शराब की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष पुनि नरोत्तमचंद्र और पुअनि सुभाष कुमार द्वारा सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी कर यूपी नंबर एक ट्रक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान ट्रक से 180 एमएल की 4416 बोतल एटपीएम स्पेशल व्हिस्की और 500 एमएल की 1104 बोतल 500 एमएल की किंगफिशर सुपीरियर स्ट्रांग बीयर बरामद की गयी। हालांकि तस्कर और ट्रक चालक पकड़ में नहीं आ सके।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**औरंगाबाद।** शहर के बैजनाथ बिगहा मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर के पिपरडीह गांव निवासी मोहन यादव के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रौशन बुधवार की सुबह अपने घर से बैजनाथ बिगहा किसी दोस्त से मिलने गया था। घर वापस पैदल लौटने के दौरान बैजनाथ बिगहा मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसे रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ का फायदा उठाकर चालक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे जिंदा समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सदर अस्पताल में परिजन पहुंचे और शव से लिपटकर चीत्कार उठे। परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रौशन इसी वर्ष मैट्रिक का परीक्षा दिया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह पटना जाने की तैयारी में था। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया।

## खबरें फटाफट

### कैंप में बनवाएं आयुष्मान कार्ड

**औरंगाबाद।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड जिले के सभी राशन कार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना का शुरूआत 2 मार्च से की गई है। इस विशेष अभियान के तहत राशन डीलर के दुकान पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। सभी राशन कार्ड धारी कैंप मोड में चलाए जा रहे योजना का लाभ उठाएं एवं अपने राशन डीलर की दुकान पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

### सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लिए सूचना जारी

**औरंगाबाद।** आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रखते हुए शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने हेतु जिला अंतर्गत पुनः वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनका शस्त्र सत्यापन नही हो पाया है. वे दिनांक-07 से 13 मार्च तक शस्त्रों एवं कारतूस का भौतिक सत्यापन (छोटे अग्नेयास्त्रों यथा पिस्टल / रिवाल्वर को छोडकर) संबंधित थानाध्यक्ष, एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी की उपस्थिति में कराना सुनिश्चित करेंगे। छोटे अग्नेयास्त्रों (पिस्टल / रिवाल्वर) का सत्यापनजिला शस्त्र कार्यालय औरंगाबाद में जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, के द्वारा किया जाएगा।

### देवकुंड में कल होगा महोत्सव

**औरंगाबाद।** देवकुंड में शुक्रवार को यानी महाशिवरात्रि को होने वाला देवकुंड महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। इसको लेकर दो दिनों से स्टेज का निर्माण कार्य चल रहा है। बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि एक दिवशीय महोत्सव को लेकर लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।देवकुंड में पहली बार महोत्सव का आयोजन होना तय हुआ है।इधर गोह विधायक भीम कुमार सिंह ने बताया कि देवकुंड में महोत्सव कराने को लेकर लगातार हमलोग प्रयासरत थे और उसी का प्रतिफल देखने को मिला है।

## आरा-बक्सर हाइवे पर बेलौना-खरौनी पुल के समीप की बुधवार सुबह की घटना

# हाइवा और बारातियों से भरी बोलेरो के बीच टक्कर में यूपी के दो लोगों की मौत

◆ भोजपुर से यूपी लौटने के दौरान हुआ हादसा, इलाज के लिए बिहिया ले जाने के दौरान दोनों ने तोड़ा दम

◆ हादसे में आधा दर्जन बाराती घायल, तीन का आरा व तीन का बलिया के अस्पताल में इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-बक्सर फोरलेन पर बिहिया थाना क्षेत्र के बेलौना-खरौनी पुल के पास की बुधवार की सुबह बारातियों से लदी बोलेरो और हाइवा के बीच भीषण टक्कर हो गई। उसमें उत्तर प्रदेश निवासी दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। हालांकि बोलेरो पर सवार एक बच्चा बाल-बाल बच गया। हादसे की वजह वाहनों की तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही बतायी जा रही है। आरा से बारात कर यूपी लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। घायलों में तीन का इलाज आरा, जबकि तीन का बलिया में इलाज कराया जा रहा है। इधर, हादसे के बाद फोरलेन पर देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर बिहिया थानाध्यक्ष राजेश मालाकार पुलिस बल के साथ पहुंचे और दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतकों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के हल्दी थाना क्षेत्र के हल्दी गांव निवासी नंद कुमार राम का 24 वर्षीय पुत्र वैभव कुमार और हरदेव सिंह के डेरा थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर नंबरी कृपा राय के डेरा गांव निवासी स्व. राम परीखा राम के 42 वर्षीय पुत्र सभापति राम थे। सभापति राम किसान थे, जबकि वैभव कुमार राजस्थान के जयपुर की किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। घायलों में बलिया जिला के दुबहर थाना क्षेत्र के ब्यासी गांव निवासी ओम प्रकाश, शत्रुघन, बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के खरहाटांड़ गांव निवासी नंदजी पासवान और बलिया जिला के तीन अन्य लोग शामिल हैं। बोलेरो पर सवार उसी जिला के सत्य प्रकाश का पुत्र सिद्धार्थ देवराज बाल-बाल बच गया। इनमें ओम प्रकाश, शत्रुघन कुमार और नंदजी पासवान का इलाज आरा सदर अस्पताल





फाइल फोटो



फाइल फोटो

में कराया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

**बारात कर आरा से बलिया लौटने के दौरान एक तेज रफ्तार हाइवा ने मारी ठोकर :** वैभव कुमार के पिता नंद कुमार राम ने बताया कि मंगलवार की शाम गांव के बृज बिहारी राम के बेटे ओम प्रकाश की बारात भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी बिगन राम के घर आई थी। उसमें उनके बेटे वैभव सहित अन्य ग्रामीण और रिश्तेदार भी आए थे। बुधवार की सुबह बोलेरो पर सवार लोग वापस बलिया लौट रहे थे। उसी दौरान बिहिया चौरस्ता के समीप बेलौना-खरौनी पुल के पास सामने से आ रही हाइवा की बोलेरो में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों की ओर से उनके बेटे वैभव कुमार और सभापति राम को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर वे सभी लोग बिहिया पीएचसी पहुंचे। बाद में पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**हादसे की सूचना पर यूपी से आरा तक मची रही अफरातफरी, दो घरों में मचा कोहराम :** बारातियों से लदी बोलेरो की हाइवा से टक्कर और दो लोगों की मौत होने की सूचना से यूपी के बलिया से आरा तक अफरातफरी मची रही। बुधवार सुबह बारात लौटने का इंतजार कर रहे लोग हादसे की खबर मिलते ही भागे-भागे आरा पहुंचे। बारातियों के साथ लड़की पक्ष के लोग भी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। इधर, दो लोगों की मौत से जहां उनके घरों में कोहराम मच गया, वहीं दोनों गांव का माहौल भी गमगीन हो गया। शादी का माहौल भी गम में बदल गया। बताया जा रहा है कि वैभव कुमार अपने पांच भाइयों और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां मानती देवी, भाई अंकित, सुजीत, सत्यम, प्रभास और बहन सुमन है। वहीं सभापति राम के परिवार में पत्नी उषा देवी, पुत्र अजय, विजय, कअभिमन्यु, पुत्री नीलम और किरण है।

# प्रेम-विवाह से नाराज ससुराल वालों ने जबरन पिला दिया जहर

◆ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में मंगलवार की दोपहर की घटना

◆ पति द्वारा छोड़ने के बाद ससुराल में ही दूसरे शख्स से महिला ने की थी शादी

◆ महिला का सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज, छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में मंगलवार की दोपहर ससुराल वालों ने महिला को जबरन जहर पिला दिया गया। उससे महिला की हालत काफी गंभीर हो गई है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। महिला सारंगपुर गांव निवासी कन्हैया चौधरी की 30 वर्षीया पत्नी चुनमुना देवी है। उसने बताया कि दस साल पूर्व उसकी शादी दस वर्ष पहले सारंगपुर गांव निवासी अयोध्या चौधरी के साथ हुई थी। शादी के पांच साल बाद उसने उसे छोड़ दिया और उसने दूसरी शादी कर ली थी। उसकी बड़ी बहन गीता देवी की भी शादी सारंगपुर गांव में हुई है। ऐसे में उसका बड़ी बहन के घर अक्सर आना-जाना होता रहता था । गांव के ही कन्हैया चौधरी का भी बहन गीता देवी के घर आना-जाना था। उसी दौरान दोनों की मुलाकात हुई। देखते ही देखते मुलाकात प्रेम में बदल गई। तब कन्हैया चौधरी ने कहा कि तुम्हारे पति ने तुम्हे छोड़ दिया तो क्या हुआ। वह रखेगा और सारा खर्चा चलाएगा। इसके बाद वह उसे सिकंदराबाद ले गया। हालांकि कुछ माह बाद वह वहां से भाग निकला। तब वह सारंगपुर गांव लौटी और मुफस्सिल थाना में कन्हैया चौधरी के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज कराई थी। उसके बाद मुफस्सिल थाना द्वारा थाना में ही दोनों का शादी करा दी गयी। तब से ही कन्हैया चौधरी की मां सहित घर वाले पहले से शादीशुदा होने की बात कह रखने से इनकार कर रहे थे। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। पांच दिन पहले उसे लेकर गांव में पंचायती हुई थी। तब कन्हैया चौधरी के परिवार वालों द्वारा कहा गया था कि उसे घर में नहीं रहने दिया जाएगा। इस बीच मंगलवार की दोपहर कन्हैया चौधरी की और अन्य परिजनों द्वारा उसे जबरन जहर पिला दिया गया। उसके बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाने की पुलिस सारंगपुर गांव पहुंची और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची। चुनमुना देवी ने अपने दूसरे पति कन्हैया चौधरी की मां, मौसी और दो बहनों पर जबरन जहर पिलाने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# हथियारा गांव से फरार दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल





**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

देवकुंड पुलिस ने मंगलवार की रात हथियारा गांव में छापामारी करते हुए न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनन्त कुमार ने बताया कि हथियारा गांव के दो वारंटियो को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है जिसमे लतीफ अंसारी के पुत्र आफताब आलम एवं जाकिर अंसारी के पुत्र परवेज आलम के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और दोनो काफी दिनों से फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश के आलोक में गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

# एसएन सिन्हा कॉलेज में प्रसारण मंत्रालय द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

शहर के सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो गया, के तत्वावधान में 11 मार्च से 13 मार्च तक लगातार 3 दिनों तक कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित होने जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो गया कार्यक्रम अधिकारी बी इकबाल ने बताया कि तीन दिनों तक होने वाले इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तर से आने वाले अतिथि कलाकारों के साथ साथ महाविद्यालय के छात्रों को अपनी कला प्रस्तुत करने का भी अवसर मिलेगा। हमारा संकल्प विकसित भारत, विषय में कई गतिविधियां आयोजित होंगी। बी इकबाल ने बताया कि इस महाविद्यालय की ख्याति पूरे बिहार में जग जाहिर है। पी टी आई डॉ , योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 9 मार्च को इस कार्यक्रम के आलोक में आयोजित होने वाले खेल से एकता के भाव विकसित होंगे ' कार्यक्रम समन्वयक बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की माध्यम से छात्र छात्राएं बहुआयामी बनेंगे जो भविष्य में उनके करियर उन्नति में मदद मिलेगी। लेखपाल मनोज कुमार ने इस कार्यक्रम के प्रति उत्साह व्यक्त किया है। प्रधान सहायक सौरभ सुमन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

कार्यालय सहायक राहुल कुमार सिंह छात्र-छात्राओं की प्रतिभागीता सुनिश्चित कराने में जुटे हुए हैं। प्राचार्य कार्यालय से निर्गत सूचना के माध्यम से एनसीसी पदाधिकारी मनजीत कुमार, एनएसएस ऑफिसर निहारिका कुमारी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के समन्वयक नीतू सिंह को भी इस संबंध में वाकिफ किया जा चुका है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ आकाशवाणी के कलाकारों के द्वारा एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, गोष्ठी, कवि सम्मेलन, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, खेलकूद आदि होगा।






## खबरें फटाफट

### नारी शक्ति को समृद्ध करने का काम रही सरकार

**चंदौली।** चहनियां स्थित खण्ड विकास कार्यालय सभागार में भारतीय जनता पार्टी मंडल चहनियां व बलुआ का नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया । इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल सम्बोधन भी सुना गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने कहा कि हमारी सरकार नारी शक्ति को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम कर रही है । इस मौके पर विजय गुप्ता, डॉ0 शंभूनाथ गोंड,दोनो मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा व संकठा राजभर, राजेंद्र पाण्डेय, शशिकला पाण्डेय, सोनी सिंह, भानु चौहान, विवेक द्विवेदी, सोमरू बिंद, प्रमोद चौबे,मोनू पाण्डेय, सूरज पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा ने किया ।

### कार्डधारकों को मिला एफसीआई का बैग

**बलिया।** जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एफसीआई से प्राप्त बैग समस्त राशन कार्डधारकों में वितरित किया जा रहा है। यही नहीं, गांवों में अभियान चलाकर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से बैग वितरण का कार्य किया जा रहा है। राशन पाने वाले समस्त व्यक्ति को अब झोला भी दिया जा रहा है। पूरे जिले भर में सस्ते गल्ले के दुकानदारों के माध्यम एवं सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा झोला वितरण किया गया है, जो व्यक्ति अभी तक झोला नहीं पाए हैं, वे अपने दुकानदारों से संपर्क कर झोला प्राप्त कर सकते हैं। जनपद में अब तक करीब तीन लाख 43 हजार कार्डधारकों को झोला वितरण किया जा चुका है। शेष कार्ड धारकों को भी एक दो दिन में वितरण सुनिश्चित किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने अपील किया है कि सस्ता गल्ला लेने वाली माताएं, बहने राशन लेते समय ध्यान रखे कि किसी व्यक्ति को राशन कम तो नहीं मिल रहा है। अगर ऐसी कोई शिकायत है तो संबंधित तहसील में पूर्ति निरीक्षक से शिकायत दर्ज कराये।

# धरती पर आए भगवान से मन से करें मिलन : सरोज दीदी

- प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर नगर में निकली झांकी

**केटी न्यूज/ चंदौली**



प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार मुख्यालय पर झांकी निकाली गई। जहां भगवान शिव के साथ-साथ अन्य देवताओं की झांकी नगर के कैली रोड से होकर पूरे बाजार का भ्रमण किया। पुनः कैली रोड पहुंच कर झांकी संपन्न हुई और भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण की। यही विभिन्न देवताओं के स्वरूप नगर भ्रमण के दौरान लोगों को आकर्षित किया और वहीं लोग झांकी को देखकर प्रफुल्लित हुए। इस दौरान प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका सरोज दीदी ने कहा कि जिस भगवान को पाने के लिए आपने इतनी भक्ति की, जप तप किया, तीर्थ किए व्रत उपवास किया, अब वह स्वयं इस धरती पर आया हुआ है तो आप उनसे मिलन मन से कर सकते हैं। भगवान का सत्य परिचय प्राप्त करने और उनके द्वारा बताएं ईश्वरी ज्ञान को समझने के लिए आप अपने समीप के ब्रह्म कुमारी सेवा केंद्र पर अवश्य जाएं। इस ईश्वरी संदेश को पढ़कर भी अगर आप इसे देखा अनदेखा करते हैं तो अंत समय में यह उलाहना मत देना कि भगवान धरती पर आया और हमें किसी ने नहीं बताया। इस दौरान ममता बहन अनीता बहन शिव बच्चन सिंह गोपाल उपस्थित रहे।

## रामचरितमानस से मिलती है रिश्तों को निभाने की शिक्षा:बालक स्वामी



**गाजीपुर।** देवकली ब्लॉक के धनईपुर ग्राम में आयोजित नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दौरान प्रवचन करते हुए संत घनश्यामाचार्य बालक स्वामी ने कहा कि मानव जीवन बड़े भाग्य से मिला है। आज मिला है, कल मिलेगा की नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है। कहा कि माता-पिता के साथ पुत्र का, सास के साथ बहू का, पति से पत्नी का, मित्र से मित्र का कैसा संबध होना चाहिए इसकी शिक्षा रामचरित मानस से मिलती है। राम से बड़ा राम का नाम है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, लोग दर्शन, तप, यज्ञ करके तर गए, लेकिन कलियुग में केवल नाम का सुमिरन करके भवसागर से पार होने का सबसे सुगम साधन है। बालक स्वामी बुधवार को लोगों के विषाक्त वातावरण में एक भाई दूसरे भाई का गला काट रहा है। श्रीरामचरित मानस में एक भाई अयोध्या का राज्य ठुकरा कर श्रीराम को मनाने के लिए जंगल में जाता है। यही राम राज्य की विशेषता है। भरत जी चित्रकूट में श्रीराम को मनाने के लिए अयोध्यावासियों के साथ जाते हैं। यही राम राज्य की विशेषता है। प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 12 बजे के बीच रासलीला का मंचन वृंदाबन के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है।

## पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व में बढ़ रही है विकास की गाड़ी

# समानता पर कार्य करती है भाजपा : संगीता

- समाजवादी पार्टी पीडीए की बात करती है, जो सिर्फ छलावा व भुलावा है
- भाजपा सभी दलित, पिछड़ा व औरतों का करती है उचित सम्मान

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



भारतीय जनता पार्टी का गठन सर्व समाज के सम्मान व विकास की जिस सोच के साथ संस्थापकों ने किया था, वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साकार हो रहा है। यह बात भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित पिछड़ा वर्ग सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य डा. संगीता बलवंत ने कहा। उन्होंने कहा कि इस देश और लोकतंत्र में कई ऐसे भी राजनीतिक दल हैं जिसका नेतृत्व सिर्फ एक ही परिवार के लोग करते हैं। ऐसे लोगों से क्या हम किसी समानता की उम्मीद कर सकते हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात करती है, जो सिर्फ छलावा व भुलावा है। लेकिन ऐसे राजनैतिक लोगों की भावनाओं को जनता अच्छी तरह से जान चुकी है। पिछड़ों, दलितों, नौजवानों, गरीबों और महिलाओं के सम्मान की रक्षा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर रही है। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी पटेल ने कहा कि भाजपा समर्पित संघर्षशील और अनुशासन प्रिय कार्यकताओं के बदौलत आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने देश में विश्वास के साथ हो रहे विकास के सभी कार्यों का श्रेय भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं को दिया और कहा कि आपका एक -एक वोट राष्ट्र की शक्ति बन चुका है। आज हमारे कार्यकताओं के मजबूत निर्णय के कारण नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रचनात्मक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो निर्णय लिया है वह निर्णय सिर्फ भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही ले सकते थे। जटिल से जटिल समस्याओं को हल करने का काम भी हमारे देश प्रदेश की सरकारों ने किया है। पिछली सरकारों में पिछड़े वर्ग को सिर्फ ठगने का काम किया। इस सरकार में सबसे ज्यादा योजनाओं का लाभ अगर किसी को मिला है, तो पिछड़े समाज को मिला है। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि चुनावों में पिछड़ों की बात करने वाले लोग सत्ता में आने के बाद सिर्फ परिवार को बढ़ावा देते हैं, जाति को बढ़ावा देते हैं, समाज के पिछड़ों को भूल जाते हैं इस तुक्ष सोच को नेस्तनाबूद करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। समाज में सबको समान अधिकार प्राप्त हो, हर व्यक्ति को सम्मान मिले यह भाजपा और उसके सरकार का प्रयास है जो उज्जवल व विकसित भारत का मजबूत आधार है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में आधी आबादी को मिली नई पहचान

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात से नारी बंधन महिला सशक्तिकरण रैली को संबोधित किया। जिसका लाइव प्रसारण जखनियां ब्लाक सभागार में एलईडी के माध्यम से हुआ और सभागार में उपस्थित नारी शक्ति माताओं बहनों ने सुना। पीएम ने कहा यह विशाल कार्यक्रम इस बात का साक्षी है कि बीजेपी कैसे नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रहा है। उन्होंने कहा इतना बड़ा राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करना देशभर में 19-20 हजार स्थान पर महिला समूह एक कार्यक्रम से जुड़ें यह हिन्दुस्तान के सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी घटना है। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जितना मान, सम्मान अपने माताओं बहनों के जीवन में आर्थिक उत्थान अनेक योजनाओं का संचालन और उनको शक्ति प्रदान किया है।

उन्होंने कहा आज हमारी माताएं, बहनें व्यक्तिगत रूप से खुद सशक्त हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जनधन खाते, उज्ज्वला गैस, कच्चे मकान से पक्का मकान, इज्जत घर, लखपति दीदी सारी सुविधाएं माताओं बहनों को मोदी सरकार ने दिया है। वर्मा ने कहा जो इस देश की आधी आबादी को आरक्षण देने की बात वर्षों से हो रही थी उस महिला आरक्षण विधेयक को भी मोदी सरकार ने पास कराया। आने वाले समय में महिलाएं सशक्त होंगी 543 लोकसभा वाली सीटों में 181 सीट महिलाओं की होगी। जिसमें से एक तिहाई सीट अपनी शोषित वंचित एससी-एसटी माता बहनों के लिए आरक्षित होंगी। हमारी माताएं, बहनें आने वाले समय में नारी समाज के उत्थान के लिए, उनके विकास के लिए खुद कानून बनाएंगी यह मोदी की गारंटी है। वर्मा ने मोदी की बात को आत्मसात करते हुए कहा संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के एक वर्ग द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण ममता राज में हमारी माताओं, बहनों के साथ जो अत्याचार व व्यभिचार हुआ, नारी शक्ति के साथ जो घोर पाप हुआ है।

## एक नजर

### कैली गंगा घाट पर मिला वृद्ध का शव

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र कैली गंगा घाट पर बुधवार की अलसुबह वृद्धि का शव मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शर्ट की जेब से मिले कागजात के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के कोडरिया गांव निवासी सवरू राम 65 वर्ष मंगलवार को घर से अचानक गायब हो गए। परिजन उन्हें ढूंढ रहे थे कि बुधवार की अलसुबह इनका शव कैली गंगा किनारे मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इनके जेब से मिले मोबाइल नंबर से इनकी शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन संपन्न

**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन लोकसभा चुनाव कार्यालय हरिहर पैलेस शास्त्री नगर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. उत्तम ओझा प्रदेश संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ ने कहा की जब समाज हमें विकलांग कह कर पुकारता था, तब हम अपने आप को अपमानित महसूस करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें दिव्यांग शब्द की संज्ञा देकर हम सभी दिव्यांगजनों का सम्मान बढ़ाया है। दिव्यांगों की पेंशन कभी 300 रुपये हुआ करती थी। तब मोदी योगी की सरकार ने पेंशन की राशि बढ़ाकर 1000 की और उसे बाद में बढ़ाकर 1500 करने का प्रस्ताव प्रस्तावित है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि मोदी व योगी सरकार में दिव्यांगजनों को केंद्र व प्रदेश की सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। भाजपा नेता अभिनव सिन्हा ने कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपना मत देकर गाजीपुर से भी अपना प्रतिनिधि भेजने का काम करें। जिससे 2019 से जनपद में रुके हुए विकास कार्यों को फिर से रफ्तार मिल सके। इस अवसर पर मदन मोहन वर्मा, सरिता अग्रवाल, सुनील गुप्ता, योगेश सिंह, गर्वजीत सिंह, रवि प्रकाश, शशिकांत शर्मा ,गोपाल राय, रामनरेश कुशवाहा, मयंक जायसवाल, शिवम त्रिपाठी, अविनाश सिंह, नितीश दुबे आदि उपस्थित रहे।

### हमारे आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**गाजीपुर।** हमारे आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसी सभागार मोहम्मदाबाद पर उप शिक्षा निदेशक उदयभान के कर कमलों द्वारा किया गया। उपनिदेशक तथा डायट प्रवक्ता हरि ओम यादव का स्वागत खंड शिक्षाधिकारी दीनानाथ साहनी द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बाल वाटिका एवं परिषदीय प्रत्येक संकुल से तीन निपुण बच्चों को निपुण प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत मनोयोग से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डायट प्राचार्य द्वारा बताया गया कि अगर हम कोई भी काम मनोयोग से करें, तो सफलता अवश्य मिलती है। क्योंकि मानव जब जोर लगाता है तो, पत्थर भी पानी बन जाता है। कार्यक्रम में सभी संकुल प्रभारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अलावा एआरपी दिनेश कुमार भारती तथा मुकेश गुप्ता, अनिल कुमार पांडेय, मुकेश राय, शाहिद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार उपाध्याय ने किया।

### तहसीलदार समेत छः के विरुद्ध मुकदमा का आदेश

**बलिया।** सदर सदर तहसील में तैनाती के दौरान ओवरराइटिंग तथा पोर्टल की तिथियां में भिन्नता पाए जाने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शांभवी यादव की अदालत में तत्कालीन सदर तहसीलदार निखिल शुक्ला सहित 6 विभागीय कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है बता दे की वर्तमान में तहसीलदार निखिल शुक्ला बांसडी तहसील में तैनात है। चाहें वह तहसीलदार का न्यायालय को या किसी भी राजस्व न्यायालय की पत्रावलियों के आर्डर शीट में तिथियों का ओभरराइटिंग किया जाना, पेशी बहीं तथा पोर्टल के तिथियों में भिन्नता पाया जाना आदि तथ्य इस ओर इंगित करता है कि वर्तमान तहसीलदार बांसडीह निखिल शुक्ला, तत्कालीन अहलमद गौरव श्रीवास्तव, पेशकर बृजबिहारी सिंह समेत छः और अज्ञात लोगों द्वारा कूटरचित तरीके से नामांतरण की प्रक्रिया मिलाकर पूरी की गई थी। यह आदेश बुधवार को कोर्ट में सीजेएम शांभवी यादव ने हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत बबुआपुर गांव निवासी परशुराम उपाध्याय के अर्जी पर पारित की है। कोर्ट ने एसएचओ बलिया को आदेशित किया है कि उक्त प्रकरण में तहसीलदार सहित छः के खिलाफ एफआईआर दर्ज का आदेश दिया है।

# घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने से नाराज ग्रामीणों ने कराया काम बंद

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



जमानिया तहसील क्षेत्र के बरूईन गांव में लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे सड़क मरम्मत कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने से गुस्साए ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया। बाद में जेई ने मौका मुआयना किया और ग्रामीणों को भरोसा दिया कि सड़क निर्माण में कोई गड़बड़ी नहीं होगी। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग से बरूईन गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसमें 600 मीटर पिच और 400 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जाना है। ठेकेदार ने करीब 100 मीटर सड़क पर गिट्टी डालकर पिचिंग का काम शुरू कर दिया। उन्होंने मानक के अनुसार काम न होने का आरोप लगाते हुए काम बंद करा दिया। ग्रामीण प्रमोद सिंह, शशि सिंह, शुभम सिंह, गोलू सिंह और मिंटू सिंह आदि का कहना है कि जहां सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस की बात की जा रही है, वहीं क्षेत्र में निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी की जा रही है। गांव वालों का कहना है कि दशकों बाद सड़क का निर्माण हो रहा है। यह मानक के अनुसार होना चाहिए। लेकिन, ऐसा नहीं किया जा रहा है। इसकी शिकायत जेई और दूसरे अधिकारियों से की गई है। इस संबंध में जेई अभय नरायण सिंह बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जांच की गई है।

# पुरानी पेंशन बहाल को लेकर राज्य कर्मचारियों ने दिया धरना

**केटी न्यूज/ बलिया**

पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने बुधवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। चेतावनी दिया कि यदि सरकार इस पर जल्द से जल्द कोई विचार नहीं करती है तो कर्मचारी लामबंद होकर आर–पार की लड़ाई लड़ेंगे। मांग किया कि सरकार नई पेंशन की जगह पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करें। आठवें वेतन आयोग व स्थायी वेतन आयोग का गठन करें, ठेकेदारी प्रथा जैसे संविदा, आउट सोर्सिंग आदि चीजें समाप्त करें। बताया कि कोई भी कर्मचारी इसी उम्मीद से अपना पूरा जीवन संबंधित विभाग को समर्पित कर देता है ताकि उसकी वृद्धावस्था सुरक्षित रहें। लेकिन यहां तो सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था को खत्म कर वृद्धावस्था को ही असुरक्षित कर दिया है। ऐसे में सरकार इस पर जल्द से जल्द कोई ठोस पहल करें। अन्यथा की स्थिति में आर–पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके संघ के सभी सदस्य अपनी पूरी भागीदारी निभाएंगे। इस मौके पर मलय कुमार पांडेय, अरूण कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, गिरिजेश उपाध्याय, बेचन राय, आरबी यादव, धनंजय चौबे, विवेक सिंह आदि रहे।




## सीएम की अचूक सुरक्षा में जुटा जिला प्रशासन

# चंदौली में नौ मार्च को मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

**केटी न्यूज/चंदौली**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मुख्यमंत्री के सभास्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभास्थल की तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम की सभा में सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। साथ ही लोगों के सभास्थल तक पहुंचने की सुगमता का भी ध्यान रखेंइसके बाद जिलाधिकारी ने बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज परिसर का भी जायजा लिया, वहां चल रहे निर्माण कार्यों को गति देते हुए समय से पूर्ण करने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। कहा कि नौ मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेडिकल कालेज का उद्घाटन करने आ रहे है, लिहाजा जो भी कार्य रह गए हैं उसे गंभीरता के साथ मैन पावर बढ़ाकर तेज गति से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निरीक्षण में किसी भी तरह की कमी या लापरवाही उजागर हुई तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर सभी बिंदुओं को सभास्थल, पार्किंग स्थल और हैलीपैड आदि व्यवस्थाओं के लिए जनपद के अन्य संबंधित अधिकारियों से वार्ता की। संबंधित कार्यदायी संस्था तथा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी तैयारियां निर्धारित समय में पूरा करें।

### नई रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गाजीपुर।** सोनवल से घाट जाने वाली करीब 200 करोड़ की लागत वाली 7.156 किमी लंबी नई रेल लाइन का बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुरे के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने मातहतो संग मोटी ट्राली से जगह जगह निरीक्षण शुरू किया, जो देर शाम तक चलता रहा। उसके उपरांत दो सैलून वाले सीआरएस स्पेशल ट्रेन से इस नई रेल लाइन का फुल स्पीड ट्रायल किया गया, जो पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान घाट स्टेशन से देर शाम को सीआरएस स्पेशल सैलून 6.12 बजे घाट स्टेशन से 110 किमी? प्रति घंटे की रफ्तार से चलकर मात्र छह मिनट में हवा के झोंके की तरह 6.18 बजे सोनवल नवनिर्मित स्टेशन पर पहुंच गई। इस फुल स्पीड ट्रायल से पहले इस ट्रेन को फूल मालाओं से सजाया गया था। ट्रायल देखने के लिए लोगों की जगह -जगह भीड़ लगी रही। मुख्य प्रशासनिक निर्माण एससी श्रीवास्तव व एडीआरएम इंफ्रा रोशन लाल यादव ने बताया कि रेल संरक्षा आयुक्त के द्वारा इसकी रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी जाएगी। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इस रूट पर ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ हो जाएगा।

# नौसेमर स्थिति बारह दुअरिया मंदिर बना है आस्था और विश्वास का केंद्र

- बक्सर जाते समय श्रीराम , लक्ष्मण और विश्वामित्र ने की थी शिवलिंग स्थापित
- यहां दर्शन पूजन करने से होती है मनोकामना पूरी

केटी न्यूज/मऊ

जनपद के नौसेमर गांव में स्थित बारह दुअरिया मन्दिर लोगों में आस्था का प्रतीक और विश्वास का केन्द्र बना हुआ है ।

बारह दुअरिया मंदिर जिला मुख्यालय और सदर ब्लाक मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर नौसेमर गांव से सटे दक्षिण-पश्चिम बहने वाली पावन सलिला तमसा नदी के तट पर स्थित है ।इस पवित्र मंदिर को बरदुअरिया के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित है और गर्भगृह में बारह दरवाजे हैं। कहा जाता है कि यहाँ घना जंगल था जब भगवान श्रीराम लक्ष्मण जी महर्षि विश्वामित्र के साथ तड़का बध के लिए बक्सर जा रहे थे उसी समय सायंकाल रुके थे और यही भगवान शिव की आराधना पूजा किया था और एक शिवलिंग की स्थापना किया था ।

एक अन्य किवदंतियों के अनुसार सन 1718 में इस स्थान पर पूरा जंगल था। उक्त तमसा जल मार्ग से गाजीपुर जिले के जंगबहादुर जायसवाल नामक व्यापारी उक्त स्थान समीप पहुंचे तो नाव नदी के बीच में ही रुक गई। उनको शौच की अनुभूति होने पर वह जगह तलाश रहा था कि उसे अचानक शिवलिंग दिखाई पड़ा, शिवलिंग देखकर वह आश्चर्य चकित रह गया ,फिर उसने उस स्थान पर खुदाई शुरू कर दी। खोदाई करते करते थककर व्यापारी सो गया। स्वप्न में भगवान भोले ने अपनी प्रचंड लीला दिखाई। नींद खुलने पर हाथ जोड़ विनती कर उसे वहीं स्थापित कर दिया और मन्नत मांगी कि व्यापार में लाभ होने पर मंदिर बनाऊंगा। फिर व्यापार में खूब लाभ होने पर उसने मंदिर का निर्माण करवाया। यहां ऐसी भी मान्यता है कि बहुत पहले एक साधु आए जो सप्ताह में एक बार गाय के शुद्ध दुग्ध के खोआ का सेवन करते थे और तमसा के सतह जल पर श्रीराम नाम जाप खड़ाऊं पहनकर नदी पार कर जाते थे।मान्यता है कि जो भी व्यक्ति दर्शन पूजन करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है ।यहाँ पर सावन माह के प्रत्येक सोमवार ,कार्तिक पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के दिन भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। यहां श्रद्धालु मनोकामना पूर्ण होने के लिए अथवा मनोकामना पूर्ण होने पर सावन माह ,कार्तिक पूर्णिमा, और महाशिवरात्रि पर 24 घण्टे और 48 घण्टे का शुद्ध घी का अखण्ड दीपजलाते हैं ।यहाँ भगवान शिव का दर्शन करने के लिए इलाके जिले के साथ ही दूरदराज जिलों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन पूरे सालभर आती रहती है।

**शिवमंदिर पहुंचने का मार्ग**

जिला मुख्यालय सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत कोपागंज ब्लाक क्षेत्र मुख्यालय से चार किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण बरदुअरिया मंदिर पिच सड़क से होकर आटो रिक्शा या चारपहिया, दो पहिया वाहन से दर्शन को श्रद्धालु जाते हैं महाशिवरात्रि पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे शिव मंदिर की साफ-सफाई तेज होती जा रही है। वैसे तो यहां वर्ष भर शिव भक्तों का तांता लगा रहता है परंतु कार्तिक पूर्णिमा, दशहरा, दुर्गा पूजा, चैत रामनौमी, शिवरात्रि के दिन दूर-दूर से हजारों की संख्या में यहां आकर बाबा आशुतोष को जल चढ़ाते हैं। कहा जाता है कि यहां आकर बाबा को पूरे श्रद्धा के साथ जल चढ़ाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवभक्त मंदिर परिसर की साफ-सफाई में लग गए हैं।

## एक नजर

### प्रतियोगिता के दौरान स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**मऊ।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में चल रहे पांच दिवसीय राज्य आमंत्रण सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान स्वीप



कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए महिला फुटबॉल खिलाड़ियों सहित अन्य लोगों ने जागरूकता अभियान में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र के निर्देश पर जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जनपद में डॉक्टर भीमराव स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के अलावा जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य लोगों ने मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिया। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने समस्त जनपद वासियों से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया में भाग लेते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने की अपील की।

### पीयू परिसर के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय एमबीए सहित विभिन्न स्नातक (यूजी), डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट का आयोजन करता है। इच्छुक अभ्यर्थी वीबीएसपीयू पीयूसीएटी 2024 परीक्षा के लिए आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एक मार्च से शुरू हो गया है। इसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय परिसर में बीएससी, बीए, बीकाम, बीए एलएलबी आनर्स (फाइव इयर इनटीग्रेटेड कोर्स), बीए (जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र), बीसीए, बीबीए, बीटेक, एमएससी, एमए, एमबीए, एमसीए, एमए जनसंचार, एमटेक, डिप्लोमा इन फामेर्सी, मेकिनिकल इंजीनियरिंग, पीजी डिप्लोमा इन जेंडर वूमेन स्टडी, ट्रासलेशन के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

### खड़े ट्रेलर से ट्रक की हुई टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**मऊ।** जिले के मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के बंदीकला गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 269 किलोमीटर माइलस्टोन के पास खड़े ट्रेलर से एक ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक में सवार वाहन मालिक की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर कोतवाली ले आई। जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी कृष्ण कांत सिंह (40) पुत्र चंद्रभान सिंह अपने ट्रक से मंगलवार की रात करीब एक बजे गाजीपुर की तरफ जा रहे थे। अभी वह मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के बंदीकला गांव के पास पहुंचे ही थे कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 269 किमी के पास पहले से सड़क पर खड़े ट्रेलर में ट्रक की पीछे से टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक में बैठे गाड़ी मालिक कृष्ण कांत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रात में 1:30 बजे सूचना मिलने पर कोतवाल धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और शव को ट्रक से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस संबंध में कोतवाल धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रेलर अवैध रूप से खड़ा था। उसमें न तो कोई डिपर चल रहा था और ना ही कोई साइड लाइट थी। इसी वजह से ट्रक पीछे से टकरा गई। बताया कि ट्रक को कोतवाली लाया गया है जबकि ट्रेलर के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रेस्क्यू टीम को सूचना दी गई है।

## खबरें फटाफट

### चुनाव को लेकर सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में आगामी



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारी को पूर्व में ही पोस्टर,होर्डिंग्स, बैनर्स एवं वॉल पेंटिंग को चिन्हित कर अधिसूचना जारी होने के तत्काल उपरांत कार्रवाई करने को कहा। चुनाव के दौरान स्थापित होने वाले कंट्रोल रूम में उन्होंने प्रशिक्षित लोगों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिससे कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का तत्काल ठीक ढंग से निस्तारण हो सके। इसी प्रकार एमसीएमसी हेतु गठित टीमों में भी प्रशिक्षित एवं योग्य लोगों की तैनाती कर पेड न्यूज,भड़काऊ भाषण सहित अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों पर सजग नजर रखने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने शिकायतों के तत्परता से निस्तारण हुई संयुक्त करवाई करने हेतु इससे जुड़े समस्त लोगों का कोऑर्डिनेशन बढ़ाने को कहा। बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने कानून व्यवस्था प्रभारी को पूर्व में ही सक्रियता दिखाने के निर्देश दिए तथा समस्त आवश्यक निवारक कार्यवाही पूर्ण कर लेने को कहा। स्वीप कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियानों का अधिक से अधिक प्रचार प्रचार करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने समस्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को उनको सौंप गए दायित्व हेतु जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर पूर्व में ही सारी तैयारी कर लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम प्रभारी को विभिन्न कार्यों हेतु निर्धारित ईवीएम का मूवमेंट भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुरूप ही करने के निर्देश दिए।

### सैफई में 500 बेडेड सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

# सभ्य समाज को कलंकित करती है मेरा और तेरा की भावना: योगी आदित्यनाथ

- इटावा के लिए 147 करोड़ की 37 परियोजनाओं का सीएम योगी ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

केटी न्यूज/इटावा

डबल इंजन सरकार में पिक एंड चूज नहीं होता, न तो मेरा-तेरा होता है। मेरा-तेरा की भावना ही सभ्य समाज को कलंकित और अपमानित करती है। यह समाज के विकास में बहुत बड़ा रोड़ा है। विकास और जनकल्याण की योजनाएं सबके लिए होनी चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां सैफई स्थित उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पहले सैफई और इटावा का नाम सुनकर ही लोग भयभीत हो जाते थे। सीएम योगी ने खुद से जुड़े एक पुराने प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि कैसे एक बार शाम ढलने के बाद आगरा से कानपुर आने के उनके कार्यक्रम को पुलिस ने यह कहकर रोक दिया था कि रात में इस इलाके में सफर करना खतरनाक साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां किसी बात का डर नहीं है, बल्कि पूरे देश के युवा यहां डॉक्टरी की पढ़ाई करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉक्टरों से अपील की कि वे अधिक से अधिक मरीजों को अटेंड करें। सीएम ने कहा कि हर पेशेंट से हमें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है।

**सीएम योगी ने सैफई को दी करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात :** इससे पहले सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में 500 बेडड सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का लोकर्पण किया। वहीं इसके अलावा उन्होंने इटावा जनपद के लिए 147 करोड़ रुपए की 37 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 112.59 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं का शिलान्यास और 34.66 करोड़ की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कर कमलों से किया।

**45 जनपदों में बन चुके हैं मेडिकल कॉलेज :** इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल कैसे ग्रामीण क्षेत्र की व्यवस्था को अमूलचूल परिवर्तन करने में अपना योगदान दे सकते हैं, इसका उदाहरण प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों में बन रहे मेडिकल कॉलेज हैं। 1947 से 2017 तक 70 साल में केवल 12 मेडिकल कॉलेज यूपी में बन पाए थे। आज 45 जनपदों में मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं, 20 जनपदों में इनका निर्माण अतिंम चरण में है और बाकी बचे जनपदों में भी मेडिकल कॉलेज निर्माण की कार्रवाई को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है। यही हाल देश का भी था, जब 1998 तक पूरा भारत केवल एक एम्स के भरोसे चल रहा था। अटल जी ने 6 नये एम्स इस देश को दिये। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देशभर में एम्स की संख्या 22 हो चुकी है।

**मुलायम सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि :** सीएम योगी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें अपने गांव में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए श्रेय दिया। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि इस आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय का उद्घाटन नारियल फोड़कर कर दिया गया था, मगर इसके संचालन के लिए केवल एक लाख रुपए की टोकन मनी ही दी गई थी, जबकि इसकी जरूरत 500 करोड़ रुपयों की थी।

**अब सैफई के आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में लघु भारत के दर्शन होते हैं :** मुख्यमंत्री ने इस बात पर हर्ष जताया कि यहां के आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में लघु भारत के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि देशभर से यहां स्टूडेंट पढ़ने के लिए आ रहे हैं। साथ ही यहां पूरे भारत से कार्मिक कार्य कर रहे हैं। सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश में 10 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनने हैं, जिसमें से 5 करोड़ लोगों के कार्ड बन चुके हैं।

**लखनऊ से ही होती है प्रदेश के सभी एंबुलेंस की मॉनीटरिंग :** मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के डायल 108 और डायल 102 की कार्यप्रणाली में आए सुधार की चर्चा करते हुए कहा कि पहले रिस्पॉन्स टाइम जहां 45 मिनट से लेकर आधे घंटे का होता था वह घटकर 9 से 10 मिनट का हो चुका है। उन्होंने बताया कि अब लखनऊ से ही सभी एंबुलेंस की मॉनीटरिंग होती है। सीएम ने पिछली सरकार पर आरोप लगाया कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी को 150 कार्डियक वैन देने की पहल की थी, मगर तत्कालीन प्रदेश सरकार ने नहीं लिया। 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद एक महीने के अंदर प्रदेश को 150 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस मिली, इसके बाद 100 और एडवांस एंबुलेंस हमें प्राप्त हुई। इसके बाद हर जनपद में चार-चार एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस प्रदान की गई हैं। इससे हजारों-हजार लोगों को लाभ मिला है।

**पेशेंट के साथ डॉक्टरों का होना चाहिए सद्भावनापूर्ण व्यवहार :** मुख्यमंत्री ने कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए काल बने इन्सेफेलाइटिस का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार 13-14 विभागों के बीच अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करके इस बीमारी को समाप्ति की कगार तक पहुंचा दिया गया है। सीएम योगी ने डॉक्टरों से अपील करते हुए कहा कि सरकार आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा सकती है, मगर इससे भी महत्वपूर्ण मायने रखता है मरीजों के प्रति डॉक्टरों का व्यवहार। बीमारी शारीरिक और अंतःकरण की व्याधियों के साथ ही मनोवैज्ञानिक भी होती है। उन्होंने कहा कि पेशेंट के साथ व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए। सीएम ने कहा कि हर पेशेंट एक प्रयोगशाला भी होता है। आपको मरीजों के मर्ज पर आधारित रिसर्च पेपर तैयार करना चाहिए। आपका शोध कार्य मानवता, खासकर तीसरी दुनिया के देशों के लिए बहुत उपयोगी होगा। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सांसद रामशंकर कठेरिया, इटावा सदर विधायक सरिता भदौरिया, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार सिंह, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शक्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, विवि के फैकल्टी मेम्बर्स और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



चयनित हुए अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चयनित हुए अभ्यर्थियों को अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसमें सिद्धार्थनगर (यूपी) के अमर पांडेय, पुलगाम (जम्मू कश्मीर) के आदिल अयूब को टेक्निकल असिस्टेंट कार्डियोलॉजी, सीतापुर (यूपी) कुमारी उत्कर्षिनी को डायटीशियन, रोहतक (हरियाणा) के भुपेश मलिक और भुनेश्वर (ओडिशा) के मनीष चौधरी को ओटी असिस्टेंट, दिल्ली से कृति त्यागी और मोहम्मद उवैस को डायलिसिस टेक्नीशियन, जयपुर (राजस्थान) से राकेश कुमार जाट को ओटी टेक्निशियन, इटावा (यूपी) से विंध्या को रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, उन्नाव (यूपी) से कुमारी अपराजिता तिवारी को रेडियालॉजी टेक्नीशियन शामिल रहे। इसके अलावा अन्तरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप गुणवत्ता में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्ट्रेट इटावा को मिले आईएसओ 9001-2015 प्रमाण पत्र को मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी अवनीश राय को प्रदान किया।

### कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

**लखनऊ।** योगी सरकार राज्य के ऐसे सम्मानित नागरिकों को जो प्रदेश के बाहर देश के किसी अन्य राज्य में या फिर विदेश में प्रवास कर रहे हैं और अपनी मातृभूमि व प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं, उनके लिए उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना क्रियान्वित करने जा रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रवासी नागरिकों को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से उन्हें प्रदेश में विकास कार्यों को करने में सहूलियत होगी। योजना के तहत दानकताओं के द्वारा संबंधित कार्य के लिए दान की गई राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति की कार्यवाही संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराई जाएगी एवं कार्य की प्रगति की रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत होने वाले कार्यों की पुनरावृत्ति किसी अन्य योजना के माध्यम से न हो, यह तकनीक के प्रयोग (जियो टैगिंग आदि से) द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही दान की जा रही राशि को योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में ही जमा कराया जाएगा।




### तृतीय दिवस में प्रातःकाल का पहला मैच वाराणसी और गोरखपुर के बीच खेला गया

# राज्य आमंत्रण सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

केटी न्यूज/मऊ



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में पाच दिवसीय राज्य आमंत्रण सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता चल रही है। आज तृतीय दिवस में प्रातःकाल का पहला मैच वाराणसी और गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें वाराणसी ने गोरखपुर को 03-0 के अन्तर से पराजित किया। दूसरा मैच कानपुर एवं प्रयागराज के मध्य खेला गया, जिसमें कानपुर ने प्रयागराज को 1-0 के अन्तर से पराजित किया।तीसरा मैच आजमगढ़ एव लखनऊ के मध्य खेला गया, जिसमें आजमगढ़ ने 5-0 से मैच जीत लिया। प्रातःकाल के मुख्य अतिथि डॉ सत्यानन्द राय तथा मुदस्सर चौधरी भूतपूर्व क्रीड़ाधिकारी प्रयागराज रहे। मुकेश कुमार सब्बरवाल उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। सायकाल का चौथा मैच देवरिया और मिजार्पुर के बीच खेला जा रहा था इस मैच के मुख्य अतिथि जमाल अर्पण अध्यक्ष जिला फूटबाल संघ और विनीता पाण्डेय रहीं। मुख्य अतिथि का स्वागत मुकेश कुमार सब्बरवाल द्वारा वैज लगाकर तथा बुके देकर किया गया। राजीव जयसवाल, अखिलेश खरवार, ओमेन्द्र सिंह, संजय सिंह, रीमा यादव, मोईन अली, मनोज यादव, शिवगोविन्द राय आदि लोग उपस्थित रहे। अन्त में मुकेश कुमार सब्बरवाल, उप क्रीड़ा अधिकारी, द्वारा इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि, गणमान्य नागरिकों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

## सुभाषितम्

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

- हरिवंश राय बच्चन

# दल बदल कानून और पार्टी का विहिप बेअसर

इन दिनों दल बदल कानून 1986 चचाओं में बना हुआ है। 1985 के पहले देश मैं दल बदल करके बहुत सारी सरकारों को गिराने और बनाने का काम हुआ था। 1967 से इसकी शुरूआत हुई थी। जब कई राज्यों में संविद सरकारों का गठन हुआ था। कई राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों ने दल बदल करके सरकारों को गिराया और बनाया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी राष्ट्रपति पद के लिए वीवी गिरी को खड़ा करना चाहती थी। उसको लेकर उनके मतभेद कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेताओं से हुए। कांग्रेस ने इंदिरा गांधी को पार्टी से निकाल दिया। संसद में उन्हें सांसदों का समर्थन प्राप्त था। वह प्रधानमंत्री पद पर बनी रही। 1971 के चुनाव के पहले इंदिरा गांधी ने कांग्रेस (आर) के नाम से नई पार्टी बनाई। लोकसभा की 352 सीटें जीतकर इंदिरा गांधी ने नया इतिहास रच दिया था। लोकसभा चुनाव के बाद उनकी कांग्रेस असली कांग्रेस बन गई। उसके बाद के वर्षों में हरियाणा सहित अन्य राज्यों में दल बदल करके कई राज्य सरकारों को गिराकर नई सरकारें बनी। दल बदल करके निर्वाचित विधायकों और सांसदों ने अपने निजी हितों के लिए सरकार को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। तब देश मे दल बदल कानून की जरूरत महसूस हुई। 1986 में दल बदल कानून लागू किया गया। दल बदल कानून में राजनीतिक दल को मतदान के पहले विहिप जारी करने का अधिकार दिया गया। कोई भी निर्वाचित प्रतिनिधि यदि अपने राजनीतिक दल के विहिप का उल्लंघन करेगा, तो उसकी सदस्यता समाप्त करने के अधिकार विधानसभा अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष को कानून में दिए गए। इसी तरह से निर्वाचित विधायक यदि पार्टी बदलता है, तो उसकी सदस्यता दल बदल कानून के अंतर्गत समाप्त हो जाती है। दल बदल कानून में इस बात का भी प्रावधान किया गया, सदन में किसी भी पार्टी के एक साथ, दो तिहाई निर्वाचित प्रतिनिधि यदि दल बदल करते हैं तो उन पर दल बदल कानून लागू नहीं होगा। पहले यह संख्या एक तिहाई थी। बाद में इसमें संशोधन किया गया। एक तिहाई सदस्य यदि अलग गुट या दल बनाकर किसी दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं तो उन पर दल बादल का कानून लागू नहीं होगा। दल बदल कानून लागू होने के बाद राजनीतिक दलों द्वारा मतदान के पूर्व अपनी पार्टी के सदस्यों के लिए विहिप जारी किया जाता है। यदि सदस्य विहिप का पालन नहीं करेंगे, तो उनकी सदस्यता दल बदल कानून के तहत जा सकती है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में 6 कांग्रेस के सदस्यों की सदस्यता विहिप नहीं मानने के कारण निरस्त की गई है। हिमाचल के विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में तुरंत निर्णय लेकर 6 विधायकों की सदस्यता समाप्त कर दी। यही मामला बिहार में हुआ। कांग्रेस और राजद के 3-3 विधायकों द्वारा अन्य दल के पक्ष में मतदान करके विहिप का उल्लंघन किया। कांग्रेस ने संबंधित विधायकों के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अयोग्यता याचिका दायर की। इस पर विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इस मामले को पेंडिंग में डाल दिया गया। इस तरह के दर्जनों उदाहरण हैं। विहिप का उल्लंघन करने या अन्य पार्टी में चले जाने के बाद भी, विधानसभा के अध्यक्ष इस मामले को कई महीनों और वर्षों तक लंबित बनाए रखे। दल बदलू विधायक विधानसभा की कार्रवाई में भाग लेते रहे। इस स्थिति में दल बदल कानून निष्प्रभावी होकर रह गया। महाराष्ट्र विधानसभा का मामला भी कम रोचक नहीं है। जिस तरह से उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराया गया। दल बदल विरोधी कानून के अंतर्गत मामला लंबे समय तक टाला गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में एकनाथ शिंदे की सरकार असंवैधानिक सरकार बता दिया। राज्यपाल की भूमिका को सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना। दल बदल कानून का उपयोग सत्ताधारी दल और आसंदी सुविधा के अनुसार करती हैं। जिसके कारण दल बदल विरोधी कानून का उल्लंघन होते हुए भी, कोई कार्यवाही दल-बदलू पर नहीं हो पाती है। इस कारण दल बदल विरोधी कानून और विहिप का उल्लंघन एक तरह से मजाक बनकर रह गया है। दल बदल विरोधी कानून के तहत क्रॉस वोटिंग को रोकना और पार्टी के निर्णय के अनुसार मतदान करने की जो बाध्यता निर्वाचित प्रतिनिधियों की सदन के अंदर थी।

## चिंतन-मनन

# जीवन और मृत्यु

चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा। हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएंगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं। अगर तुम सजग हो जाओ तो तुम चौदहवें हो। इन तेरह के पार हो। इस तेरह की संख्या के कारण चीन और फिर धीरे-धीरे सारी दुनिया में, तेरह का आंकड़ा अपशकुन हो गया। इस सुपरस्टीशन की पैदाइश चीन में हुई। अमेरिका में होटलों में तेरह नंबर का कमरा नहीं होता; तेरह नंबर की मंजिल भी नहीं होती।

# सड़क जाम, मार्ग परिवर्तन से जनता परेशान

- निर्मल रानी

किसान आंदोलन-2 अभी जारी है। इसका सबसे अधिक प्रभाव हरियाणा व पंजाब से लगती हुई शंभू और खनौरी नाम की सीमाओं के सीमित क्षेत्रों में है। हरियाणा व पंजाब से लगती इन्हीं दो सीमाओं पर गत 13 फरवरी से अनेक किसान संगठनों के नेता व सदस्य दिल्ली कूच करने के उद्देश्य से डेरा जमाये हुये हैं। किसान, दो वर्ष पूर्व हुये आंदोलन के समय सरकार द्वारा मानी गयी उनकी मांगों को अब तक पूरा न किये जाने के चलते यानी सरकार की वादा खिलाफी की वजह से दूसरी बार आंदोलन करने के लिये मजबूर हुये हैं। सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिये इसबार शंभू व खनौरी से लेकर दिल्ली से लगती चारों ओर की सीमाओं पर कड़ी नाकेबंदी की है। शंभू व खनौरी सीमाओं पर तो छः लेयर तक के अवरोधक लगाये गए हैं। इनमें कंटेनर्स,सीमेंटेड ब्लॉक्स,सीमेंट में ढली मोटी कीलें,कंटीले तार,लोहे की चादरें, तरह तरह के वाहन व मशीनें,आर ए एफ,अर्ध सैनिक बल,आंसू गैस फेंकने वाले यंत्र,ड्रोन,पानी की तेज बौछार फेंकने वाली मशीनें,बुलडोजर,पोकलेन,जे सी बी आदि और भी अनेक चीजों का सहारा लिया गया है। इन सीमाओं पर सरकार द्वारा लगाये गये अवरोध शायद भारत की चीन व पाकिस्तान से लगती सीमाओं से भी अधिक सुदृढ़ हैं। जिन्हें विदेशियों या घुसपैठियों को नहीं बल्कि अपने ही देश के किसानों को रोकने के लिये खड़ा किया गया है।



दूसरी ओर किसान हैं जो शंभू व खनौरी की सीमाओं पर पंजाब की हद में डेरा डाले हुए हैं। किसानों ने केवल इन्हीं बॉर्डर्स पर सड़कों के किनारे अपने तंबू लगा रखे हैं व ट्रैक्टर ट्रॉली आदि खड़ी कर रखी है। यही ट्रैक्टर ट्रॉली किसानों के घर, गोदाम तथा छाया सर्दी धूप बारिश से बचाओ आदि का काम करती है। किसानों ने आंदोलन के शुरूआत में शंभू व खनौरी सीमाओं से हरियाणा में प्रवेश की कोशिश की परन्तु सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोंक कर किसानों को हरियाणा में प्रवेश करते हुये दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। इसी बीच 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी जिसमें बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई थी। किसान हालांकि अभी भी शंभू व खनौरी सीमाओं पर डेरा जमाये हुये हैं परन्तु उनकी तरफ से यातायात बाधित करने का न तो कोई प्रयास किया जा रहा है न ही उनकी मंशा जनता को परेशानी में डालने की है। जहां तक किसानों के दिल्ली कूच का प्रश्न है तो किसान कभी भी लुक छुप कर या सत्ता अथवा प्रशासन को धोखा देकर दिल्ली नहीं पहुँचते बल्कि दिल्ली चलो का नारा देकर पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार ही मार्च करते हैं।

परन्तु सरकार ने गत 12 मार्च से ही शंभू व खनौरी सीमाओं के अतिरिक्त दिल्ली -हरियाणा-हिमाचल - चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को भी पूरी तरह से अवरुद्ध कर रखा है। जगह जगह मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। अकारण ही गांव व कस्बों से होकर ट्रेफिक मार्ग परिवर्तित किये जा रहे हैं। 12 मार्च से ही चंडीगढ़- अंबाला मार्ग पूरी तरह बाधित है जबकि अंबाला-चंडीगढ़ सीमा यानी सद्दोपुर-झड़मड़ी पर किसानों का किसी भी तरह का न तो जमावड़ा है न ही किसानों ने फिलहाल इस मार्ग से दिल्ली जाने की कोई घोषणा की है। इसके बावजूद चंडीगढ़-अंबाला-दिल्ली मार्ग को बंद करने या परिवर्तित करने का आखिर क्या औचित्य है किसान आंदोलन के नाम पर मार्ग बदले जाने से जनता बेहद परेशान है। चंडीगढ़ दिल्ली की यात्रा जो मात्र चार घंटे में तय होती थी अब 12-14 घंटों में तय हो रही है। कारें बसें आदि कस्बों व गांवों से होकर गुजरने से तंग रास्तों में जाम लगा रहता है। यात्रियों के साथ साथ उन गांव के लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जिन्हें 24 घंटे जाम और यातायात प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। रुट बदलने के कारण जिन जिन कस्बों व गांव से ट्रेफिक मोड़ा गया है उन रास्तों के सैकड़ों मेन होल के ढक्कन टूट गए हैं। किसान आंदोलन के कारण जहाँ तमाम बसों का परिचालन बंद कर दिया गया है वहीँ तमाम बसों के रुट भी बदले गये हैं। बसों का कोई टाइम टेबल नहीं रह गया है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। परन्तु अब सुखद खबर यह है कि अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे को पुलिस प्रशासन द्वारा आंशिक रूप से खोला जा रहा है। खबरों के अनुसार छः लेन के इस रास्ते में अभी केवल दोनों दिशाओं से दिल्ली-चंडीगढ़ मार्ग की केवल एक-एक लेन ही खोली जा रही है। यानी सद्दोपुर-झड़मड़ी सीमा पर राजमार्ग की एक लेन खुलने के बावजूद अभी भी जाम की स्थिति बनी रहेगी। सवाल यह है कि किसान आंदोलन के नाम पर या इससे भयभीत होकर सरकार व प्रशासन द्वारा 20 दिनों से भी अधिक समय तक जनता को क्यों परेशानी में डाला गया क्या सरकार को भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में लोगों की आवाज खासकर अन्नदाताओं की आवाज को कुचलने का सबसे आसान रास्ता यही नजर आया कि इंटरनेट बंद कर दिये जाएँ,रास्ते बंद कर दिये जायें,मार्ग परिवर्तित किये जायें, किसान प्रदर्शनकारियों के साथ दुश्मनों व घुसपैठियों जैसा व्यवहार किया जाये, उनपर लाठियां गोलियां आंसू गैस व पानी की तेज बौछारें इस्तेमाल की जायें और इन सब सरकारी बंदिशों के चलते जनता को होने वाली परेशानियों की जिम्मेदारी किसानों पर ही मढ़ी जाये और गोदी मीडिया भी सत्ता के साथ कदमताल करता हुआ किसानों को ही दोषी करार देने की कोशिश करे। बहरहाल,किसान आंदोलन यदि और तेज न हुआ और सरकार व किसानों के मध्य वार्ता के द्वारा कोई समाधान निकल आया फिर तो सुखद है। अन्यथा 12 फरवरी से बंद पड़े 6 लेन के अंबाला-चंडीगढ़-शिमला हाईवे की दोनों दिशाओं की केवल एक ही लेन 5 मार्च से खोलने से जनता को फिलहाल कुछ राहत तो जरूर मिलेगी। परन्तु बेहतर हो कि सरकार इन समस्याओं का दीर्घकालिक समाधान निकाले और ऐसी व्यवस्था करे,ऐसी नीतियाँ व योजनाएं बनाये कि किसानों और सरकार के बीच टकराव की नौबत ही न आ सके।

# आनंद शंकर माधवन : एक युगद्रष्टा संत साहित्य : साधक

-सुरजीत झा

**गैर हिंदी भाषी माधवन जी ने यहीं आकर हिंदी का ककहरा सीखाऔर हैरत की बात ये है कि वे हिंदी के ज्ञान शिखर पर ऐसे पहुंचे कि अपने जीवन काल में इन्होंने पांच दर्जन से अधिक किताबें हिंदी में लिखीं**

महान स्वतंत्रता सेनानी, साहित्य - साधक, मंदार विद्यापीठ के संस्थापक कुलपति, देवतत्वी स्व. आनंद शंकर माधवन का जन्म - जयंती उत्सव प्रतिवर्ष शिवरात्रि के दिन मंदार क्षेत्र के शिवधाम में मनाया जाता है। इनका जन्म सन 1914 में केरल के थिरुअनंतपुरम के मालविका ग्राम में शिवरात्रि के दिन तथा देहावसान 7 फरवरी को उनकी कर्मभूमि बिहार के बांका जिलान्तर्गत अतिशय पावन क्षेत्र मंदार विद्यापीठ बौंसी में हुआ। अपने जीवन काल में प्रतिवर्ष वे अपने जन्म दिवस पर भंडारा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया करते थे। भंडारा के तहत पशु - भोज का आयोजन होता था। जिसमे आस - पास के ही नहीं बल्कि दूर - दराज से लोग अपने पशुधन के साथ शामिल होते थे। बच्चों के बीच खेल - कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन होता था। इस वर्ष भी उक्त अवसर पर मंदार विद्यापीठ के सौजन्य से भव्य कवि - सम्मेलन के आयोजन की चर्चा है। इनकी जीवन - यात्रा पर शोध के लिए बंगाल से चलकर इनके आश्रम पहुंचीं शांति निकेतन की छात्रा लिपिका सहाय इनकी सहगामिनी बनीं। चूंकि मंदार विद्यापीठ के सभी छात्र एवं छात्राएं लिपिका सहाय जी को दीदी बोलते थे, माधवन जी भी उन्हें दीदी बोलकर ही संबोधित करते। यह इनके निश्छल संत हृदय एवं भोलेपन की पराकाष्ठा थी। गैर हिंदी भाषी माधवन जी ने यहीं आकर हिंदी का ककहरा सीखाऔर हैरत की बात ये है कि वे हिंदी के ज्ञान शिखर पर ऐसे पहुंचे कि अपने जीवन काल में इन्होंने पांच दर्जन से अधिक किताबें हिंदी में लिखीं। इनमें साहित्य, विचार, दर्शन, अध्यात्म, आत्मकथ्य जैसी विधाएं शामिल थीं। उनकी अधिकतर रचना को हिंदी साहित्य जगत का कोई - ना - कोई प्रतिष्ठित सम्मान अथवा पुरस्कार मिला। शांति निकेतन की शिक्षा पद्धति एवं व्यवस्था से बहुत अधिक प्रभावित माधवन जी ने वर्ष 1945 में मंदार विद्यापीठ की स्थापना की जिसे वे शांति निकेतन - सा ही बनाना चाहते थे। बाद में इस संस्थान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति व हिंदी विद्यापीठ के कुलाधिपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद, माधवन जी के गुरुदेव एवं धर्मपिता राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन तथा राज्यपाल के पद को सुशोभित करने वाले गुरुभाई व मित्र डॉ. ए.आर. किदवई साहब भी आए। यहां अपने आश्रमनुमा आवास का नाम इन्होंने अमरावती रखा था। यहीं से इन्होंने हिंदी आंदोलन , मंदार स्पिक्स एवं प्राच्य भारती जैसी अखिल भारतीय हिंदी एवं अंग्रेजी पत्र - पत्रिकाएं निकाली। तब सम्पूर्ण भारत के रेलवे स्टेशन पर अवस्थित बुक स्टॉल पर ये पत्रिकाएं उपलब्ध होती थीं। डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय, गिरिराज किशोर, पद्मश्री राम नारायण उपाध्याय जैसे दिग्गज इन पत्रिकाओं के नियमित लेखक थे। गांधीवाद से आकर्षित माधवन जी स्वतंत्रता आंदोलन में गिरफ्तार कर भागलपुर सेंट्रल जेल में रखे गए थे। जेल में उनकी मुलाकात प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्यकार पंडित बुद्धिनाथ झा कैरव से हुई। कैरव जी से हिंदी की प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने जेल में ही ली और लेखन को प्रेरित हुए। कैरव जी को ये साहित्यिक गुरु मानते थे, यही वजह रहा कि गोड्डा एवं गोड्डा के साहित्यकारों से माधवन जी का जुड़ाव बेहद आत्मीय रहा। अनेक बार गोड्डा के साहित्यिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। माधवन एवं माधवन साहित्य का गोड्डा के साहित्य जगत में एक गहरी और अमिट छाप है, जो कलजयी है। जेल से छूटने पर वे बौंसी आ गए। उन्होंने स्वयं बताया था कि उन्हें डायरिया हो गया था और वे बौंसी आकर मधुसूदन मंदिर के सामने बेसुध हो गए थे। वहीं लखपुरा ग्रामवासी गोविंद झा नामक एक युवक ने उनकी सुध ली। गोविंद झा जी इनसे इस कदर प्रभावित हुए की आजीवन इनके होकर रह गए। मंदार क्षेत्र में माधवन जी को बसाने और इनकी लोकप्रियता के लिए गोविंद झा जी ने अथक मेहनत की। बाद में इस महान शख्सियत के साथ कारवां जुटता गया। इनकी सर्वोत्तम रचना उपन्यास ₹अनामंत्रित मेहमान₹ मानी जाती है, जिसका प्रकाशन ₹राजकमल₹ ने किया है। इसके बाद ₹प्रसव वेदना₹ को आलोचकों ने स्थान दिया है। इनकी रचनाओं में चित्रशाला, पल्लवी, संजीवनी, आरती, दीप आराधना, माधव निदान, सुकरात, प्लूटो, उषा एवं आशा बहुत चर्चित रही है। वे अतिशय आशावादी महामानव थे, जिन्होंने अपनी आशावादिता को अपने कविता की एक पंक्ति में बखूबी चित्रित किया है कि - गंगा वह नहीं जो बह चुकी है, बल्कि वह है जो बहने वाली है। इनकी रचनाओं को पढ़कर कवि नागार्जुन इनसे मिलने अकेले मंदार विद्यापीठ चले आए थे। मंदार विद्यापीठ की स्थापना के पश्चात चीनी भाषा सीखाने के लिए डॉ. तान युंग सेन शांति निकेतन (विश्व भारती, बोलपुर, पश्चिम बंगाल) छोड़ कर मंदार विद्यापीठ आ गए थे। केरल के मलप्पुरम स्थित कालीकट विश्विद्यालय में हिन्दी के तहत आनंद शंकर माधवन एवं उनके द्वारा रचित साहित्य पर पढ़ाई होती है जबकि इनके द्वारा स्थापित मंदार विद्यापीठ का स्वरूप बिलकुल बदल चुका है। आज यहां अद्वैत मिशन प्लस टू हाई स्कूल जो उनके जीवन काल में ही काफी प्रतिष्ठित हो चुकी थी, के अलावा बीएड एवं अन्य कई तकनीकि संस्थानें सफलता पूर्वक चल रही हैं।

# फेसबुक को पक्षाघात पर भक्तों का अरण्यरोदन....

-राकेश अचल

फेसबुक को बीती रात अल्प पक्षाघात हुआ तो पूरी दुनिया में फेसबुक के भक्त विचलित हो गए। लगा कि जैसे किसी ने उनकी जान ही छीन ली हो। मै भी इस भक्तमंडली का सदस्य था लेकिन फेसबुक के शांत होने के बाद मैंने भी चैन की सांस ली। मैंने बहुत कम अवसरों पर देखा है, जब लोग किसी चीज के लिए इतने परेशान और फिक्रमंद होते हैं। फेसबुक तो कोई चीज भी नहीं है। एक सेवा है किन्तु अपनी उपयोगिता की वजह से आज दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए प्राणवायु बन गयी है।

दुनिया में जिंदगी के लिए जैसे भोजन -पानी और आक्सीजन आवश्यक है वैसे ही अब सोशल मीडिया एक आवश्यक अवयव बन गया है। अकेले फेसबुक दुनिया के 1560 मिलियन लोग फेसबुक की सेवाओं से जुड़े हैं ,और ऐसे जुड़े हैं कि कुछ समय के लिए ही फेसबुक के बंद होने से सदमे की स्थिति में पहुँच गए। फेसबुक के हितग्राहियों की दशा ऐसी हो गयी जैसे किसी सांप के मुंह से उसकी मणि छीन ली गयी हो ,या किसी मछली को पानी से निकाल कर गर्म रेत पर फेंक दिया हो। जाहिर है कि फेसबुक ने बीस साल में ही जनमानस पर अपना इतना प्रभुत्व बना लिया है की लोग उसके आदी हो गए हैं और एक पल भी फेसबुकाये बिना नहीं रह सकते। फेसबुक अनंग है। फेसबुक को शैव सम्प्रदाय का कोई हैकर ही अपनी तीसरी आँख से भस्म कर सकता है लेकिन हमेशा के लिए नहीं। फेसबुक की मारक क्षमता से समाज ही नहीं बल्कि सियासत भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है ,बावजूद इसके फेसबुक अपनी जगह है ,उसे मिटाने की, हैक करने की तमाम कोशिशें बार-बार नाकाम हो जाती है। 5 मार्च 2024 को भी ऐसी ही कोशिशें नाकाम हुईं और लोगों ने चैन की सांस ली। सवाल ये है कि गुण-दोषों से भरी फेसबुक आम आदमी की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन कैसे गयी ? इसके लिए हम खुद जिम्मेदार है। हमारी सियासत जिम्मेदार है। जिन्होंने लगातार ऐसी परिस्थितियां पैदा की जिसकी वजह से इंसान आपस में कटता चला गया। संवाद की सूरत लगातार कम होती चली गयी।

आज फेसबुक है तो तमाम दूसरी बुक्स बेकार है। फेसबुक आज का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा लोकप्रिय महाग्रंथ बन चुका है। फेसबुक किसी से भेदभाव नहीं करता। फेसबुक की अपनी दुनिया है। अपने कानून हैं। अपने तौर-तरीके हैं। फेसबुक की अपनी कोई भाषा नहीं है। फेसबुक अपने उपयोगकताओं को अपनी पसंद की भाषा चुनने का अवसर देती है। फेसबुक का अपना लोकतंत्र है,अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है,हालाँकि इसके अपने मापदंड हैं,सीमाएं है। फेसबुक भी अभिव्यक्ति की आजादी को एक सीमा के बाद पाबंद करती है किन्तु उस तरीके से नहीं जिस तरीके से आज दुनिया में तमाम धार्मिक और लोकतांत्रिक सरकारें कर रही हैं। फेसबुक दुनिया के तमाम सत्ता प्रतिष्ठानों के लिए खतरा है। इसीलिए जब तब दुनिया के तमाम देशों की सरकारें फेसबुक को प्रतिबंधित करने के लिए इंटरनेट को ही बंद करा देतीहैं। हमारे हिन्दुस्तान में तो ये सब आये दिन होता रहता है।

# आज का राशिफल

**मेष** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है।

**तुला** आज सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

**वृषभ** आज का दिन संतोष और शान्ति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** सबकी जांच कराने और किसी अच्छे डॉक्टर इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें।

**मिथुन** संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

**धनु** विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

**कर्क** आज उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर** आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

**सिंह** वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा।

**कुंभ** आज स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि अब मार्गी चल रहा है।

**कन्या** रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें।

## विशेष

# मोदी के चित्र वाले थेलों में बंटेगा मुफ्त का राशन

जहां-जहां डबल इंजन की सरकारें है। वहां पर मुफ्त राशन बांटने के लिए प्रधानमंत्री के चित्र वाले थैली तैयार करने के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। सूचना अधिकार कानून के तहतमिली जानकारी के अनुसार मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम तथा राजस्थान की सरकार थैला खरीदने के लिए टेंडर जारी कर चुकी है। इसमें 15 करोड रुपए खर्च होंगे। अन्य राज्यों में भी इसी तरीके के टेंडर बुलाकर फ्री का राशन बांटने की योजना है। लोकसभा चुनाव के पहले जहां-जहां डबल इंजन की सरकारें है। वहां मोदी के चेहरे वाले थैली में मुफ्त राशन लाभार्थियों के बीच बांटा जाएगा। सरकारी खर्चे में गरीब कल्याण योजना के माध्यम से भाजपा के चुनाव प्रचार का यह नया तरीका निकाला गया है।

# मोदी और नीतीश पर लालू के जहरीले तीर

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपनी शैली में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार को अपने भाषण में लपेटा है। उसने लोकसभा चुनाव की धार ही बदल दी। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में लालू प्रसाद यादव ने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार नहीं होने और हिंदू नहीं होने का जो तीर छोड़ा। वह सीधे मोदी के हृदय में जाकर लगा है। इसी तरह नीतीश कुमार के ऊपर भी उन्होंने ऐसा हमला किया है। जिसका घाव लंबे समय तक भरने वाला नहीं है।

## कार्टून कोना




1580 : फ्रांस का छठवां धर्मयुद्ध समाप्त हुआ 1857 : आस्ट्रेलिया संसद की पहली बैठक मेलबोर्न में हुई। 1922 : मिस्त्र में शाह तूतनखामेन का मकबरा जनता के लिए खोला गया। 1949 : स्वतंत्र भारत के संविधान पर हस्ताक्षर हुए। 1960 : कानपुर और लखनऊ के बीच एस.टी.डी.सेवा शुरू हुई। 1967 : मध्य पुर्तगाल में बाढ़ से 250 व्यक्तियों की मौत हुई। 1970 : बोलीविया के एक चित्रकार ने पादरी का वेश पहन कर पोप के ऊपर मनीला में हमला किया था। 1978 : धार्मिक नेताओं और राजनीतिक दलों ने ईरान के शाह को हटाने के लिए आम हड़ताल का आह्वान किया। 1980 : इटली में भूकंप से तीन हजार से अधिक लोग मारे गए। 1989 : रुरुग्वे में विपक्षई नेता लुई अल्बर्टो लाकाले राष्ट्रपति चुने गए।

# दैनिक पंचांग

**07 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.42 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मेष | 08.12 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.52 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.50 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.04 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.20 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.32 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.43 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.57 ब.से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | धनु | 01.13 बजे से |
| | | मकर | 03.18 बजे से |
| | | कुंभ | 05.05 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 67 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 01.20 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 13.03 बजे को समाप्त। **योग** वरीयान 08.24 बजे तदनन्तर परिघ 04.46 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** कौलव 14.51 बजे तदनन्तर तैतिल 01.20 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871911 **जूलियन दिन** 2460376.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान **तारीख** 25 **विशेष** वैष्णव विजया एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




## अमेजन वेब सर्विस
# शानदार कॅरियर के साथ आकर्षक सैलरी

**वर्तमान समय में देश विदेश की 60 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अमेजन वेब सर्विस का इस्तेमाल कर रही हैं। अगर आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो आपका किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट होना जरूरी है। AWS सर्टिफिकेट हासिल कर आप इस क्षेत्र में शानदार कॅरियर के साथ आकर्षक सैलरी भी पा सकते हैं।**

किसी भी व्यक्ति या कंपनी को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। इंटरनेट की मदद से किए गए बिजनेस को डिजिटल मार्केटिंग कहते हैं। अमेजन वेब सर्विस ये सेवाएं मौजूदा समय में बिजनेस ऑनर्स को दे रही है। बता दें कि यह ऑनलाइन क्लाउड कंम्यूटिंग प्लेटफॉर्म है। यह अपने कस्टमर या कंपनियों को सर्वर्स, स्टोरेज, नेटवर्किंग रिमोट कम्प्यूटिंग, ईमेल, मोबाइल डेवलपमेंट और सिक्यूरिटी उपलब्ध कराता है। क्लाउड इन सुविधाओं के बदले NDS कंपनियों से शुल्क लेता है। वर्तमान समय में अमेजन वेब सर्विस का इस्तेमाल देश विदेश की 60 प्रतिशत से अधिक कंपनियों में किया जा रहा है। इसलिए उम्मीद है कि आने वाले समय में NDS सेक्टर में देश विदेश की हजारों बिजनेस कंपनियों द्वारा करीब 2 करोड़ नौकरियां निकलेंगी। ऐसे में अगर आपके पास भी AWS का सर्टिफिकेट है तो आप भी किसी भी कंपनी का डेटा रिमोट के जरिए मैनेज कर सकते हैं। इस काम में आप आकर्षक सैलरी भी हासिल कर सकते हैं।

### 4 मेन सर्टिफिकेट

Foundational: यह Cloud Practioner कोर्स NDS सेक्टर में आपको पूरी बेसिक समझ प्रदान करता है। जैसे इलास्टिक कम्प्यूट क्लाउड, एस3 बकेट, एडब्ल्यूएस क्लाउड फार्मेशन, क्लाउड फंट, इलास्टिक बीन स्टाक आदि।

Associate: Associate कोर्स में आपको एडब्ल्यूएस ईसीटू, नेटवर्किंग, स्टोरेज सर्विसेज, आईएएम सेवाओं, क्लाउड वॉच, अलर्ट और अलॉर्म के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है।

Professional: इस प्रकार के सर्टिफिकेट के लिए आपको 3 साल के एक्सपीरियंस की जरूरत होती है। इसमें दो 2 तरह का सर्टिफिकेट होता है। जिसमें एक सॉल्यूशन आर्किटेक और दूसरा डेवॉप्स इंजीनियर।


Speciality: इस सर्टिफिकेट के लिए भी आपको 3 साल के एक्सपीरियंस की जरूरत होती है। इसमें भी आपको Professional की तरह दो तरह के सर्टिफिकेट मिलते हैं। जिनमें से एक एडवांस मार्केटिंग और मशीन लर्निंग होता है।

### सैलरी

एडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मिलने के बाद आपको एक फ्रेशर के तौर पर 70 से 90 हजार रुपए प्रतिमाग की आकर्षक सैलरी मिलती है। वहीं इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाले लोगों और एडब्ल्यूएस एक्सपर्ट को 1,35000 से 1,66000 रुपये तक सैलरी मिलती है।

### मास्टर डिजिटल मार्केटिंग कोर्स

- एडवांस्ड मॉड्यूल्स के साथ 3 महीने की On Job Training दी जाती है।
- एंटरप्रेन्योरशिप, ग्राफिक डिजाइन, स्पोकन इंग्लिश जैसी स्किल्स के डेवलप किया जाता है।
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, मार्केटिंग और ईमेल मार्केटिंग के बेसिक बताए और सिखाए जाते हैं।
- गूगल फेसबुक और डिजिटल मार्केटिंग के 40+ टूल्स की तैयारी करना सिखाया जाता है।
- इंडस्ट्री के बेस्ट एक्सपर्ट की मास्टर क्लास से भी युवाओं को सीखने का मौका दिया जाता है।
- इस इंडस्ट्री में सफलता के लिए ऑफिस आकर इंटर्नशिप करने का अवसर
- एक्सपर्ट्स की देखरेख में इंटरव्यू की तैयारी और मॉक टेस्ट की तैयारी



# पैसा और सम्मान का प्रोफेशन वकालत

**अगर आप वकालत की पढ़ाई करना चाहते हैं, तो आपको हम देश के टॉप कॉलेजों के बारे में बताते हैं जहां पर एडमिशन लेकर अपना भविष्य संवार सकते हैं।**

वकालत एक पेशा है जिसमें काफी संघर्ष है। अगर एक बार वकालत चल गई तो जो पैसा और इज्जत इस प्रोफेशन में मिलती है, वो किसी में नहीं है? भारत में कई यूनिवर्सिटीज, कॉलेज की तरफ से वकालत की पढ़ाई करवाई जाती है। लेकिन कुछ ऐसे कॉलेज हैं, जहां से पढ़ाई करने के बाद युवाओं की नौकरी पक्की समझी जाती है।

### नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु की देश में पहली रैंक है। यहां पर छात्रों को क्लैट के तहत एडमिशन दिया जाता है। ऐसे में अगर आप भी वकालत की पढ़ाई करना चाहते हैं तो यह कॉलेज आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। यहां पर तीन और 5 वर्षीय दोनों कोर्सेज में प्रवेश दिया जाता है। 12वीं पास 5 वर्षीय एलएलबी में प्रवेश ले सकते हैं। जबकि ग्रेजुएट 3 वर्षीय में।

### चंडीगढ़, यूनिवर्सिटी

चंड़ीगढ़ यूनिवर्सिटी का वकालत की पढ़ाई में दूसरा स्थान है। हालांकि, यहां पर सिर्फ 3 वर्षीय पाठ्यक्रम में ही प्रवेश दिया जाता है। तीन वर्षों के लिए छात्रों को 2 लाख 70000 रुपए फीस देनी होती है। यहां से पढ़ाई के बाद युवाओं का आसानी से प्लेसमेंट हो जाता है।

### गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गांधी नगर

अगर आप वकालत की पढ़ाई करना चाहते हैं, तो आप यहां भी एडमिशन ले सकते हैं। पूरे पांच वर्ष का कोर्स करने के लिए आपको 5 लाख रुपए देने होंगे। यहां पर एक वर्ष की फीस 50000 है। गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी , गांधी नगर से पढ़ाई करने के बाद अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट आसानी से हो जाता है।

### नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली

12वीं पास छात्र इंटीग्रेटेड कोर्स यानि कि 5 वर्षीय एलएलबी में यहां भी प्रवेश ले सकते हैं। यहां की पढ़ाई पूरे भारत में प्रसिद्ध है। यह स्टेट यूनिवर्सिटी है। 5 वर्ष की पढ़ाई के लिए छात्रों को 7 लाख 60000 रुपए फीस देनी होगी। यहां से पढ़ाई के बाद छात्रों की नौकरी कॉर्पोरेट सेक्टर में आसानी से लग जाती है। वहीं, जो छात्र खुद हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करना चाहते हैं, वे कर सकते हैं।

### नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर

नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर की पहचान भारत के प्रसिद्ध कॉलेजों में होती है। यहां पर 5 वर्षीय वकालत के छात्र प्रवेश ले सकते हैं। क्लैट की परीक्षा में अच्छी रैंक लाने वालों को ही इसमें प्रवेश दिया जाता है। पढ़ाई के बाद यहां पर कई कॉर्पोरेट कंपनियां लीगल एडवाइजर को हायर करने के लिए आती हैं।

### वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जुर्डिशियल साइंस

5 वर्षीय वकालत की पढ़ाई के लिए वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जुर्डिशियल साइंस में भी एडमिशन ले सकते हैं। इस कॉलेज का 6वां स्थान है। अगर आप भी यहां पर एडमिशन लेना चाहते हैं, तो ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर डिटेल्स चेक कर सकते हैं।

### जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के लॉ फैकल्टी से पढ़े हुए स्टूडेंट्स की इंडस्ट्री में भारी डिमांड है। अगर आप 12वीं पास हैं और 5 वर्षीय वकालत करना चाहते हैं, तो यह कैम्पस आपके लिए बढ़िया विकल्प हो सकता है। बीएएलएलबी के 5 वर्षीय कोर्स में आप एडमिशन ले सकते हैं। फीस आदि से जुड़ी जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट से चेक किया जा सकता है।

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खड़गपुर


ये कॉलेज भी वकालत की पढ़ाई के लिए बेस्ट है। यहां पर तीन वर्षीय वकालत की पढ़वाई करवाई जाती है। तीन वर्ष के लिए छात्रों को 335000 रुपए फीस देनी पड़ती है। अधिक जानकारी छात्र ऑफिशियल वेबसाइट पर भी चेक कर सकते हैं।

### नेशनल अकादमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी

नेशनल अकादमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी का स्थान तीसरा है। यहां पर 5 वर्षीय वकालत में प्रवेश दिया जाता है। ऐसे में जो छात्र 12वीं पास हैं, वे इसमें एडमिशन ले सकते हैं। हालांकि, क्लैट की परीक्षा में जिनकी अच्छी रैंक आती है, उन्हें ही प्रवेश दिया जाता है।

### राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला

वकालत की पढ़ाई के लिए आप राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला में भी प्रवेश ले सकते हैं। यह कैम्पस कई एकड़ में फैला हुआ है। वकालत की पढ़ाई के बाद यहां पर आसानी से प्लेसमेंट हो जाता है। अधिक जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।






# बीडीओ और सीडीओ में क्या होता है अंतर? कैसे मिलती है यह नौकरी

**आपने बीडीओ और सीडीओ जैसे पद के नाम तो जरूर सुने होंगे। इन पदों पर तैनात ऑफिसर कभी न कभी आपके काम भी आते होंगे। तो चलिए बीडीओ और सीडीओ में के बीच अंतर को जान लेते हैं।**

आप लोगों ने आए दिन अपनी रोजमर्रा की जिदंगी में बीडीओ और सीडीओ जैसे पद के नाम सुने होंगे। इन पदों पर तैनात ऑफिसर कभी ने कभी आपके काम आते होंगे। हालांकि बीडीओ और सीडीओ में क्या फर्क है इसे लेकर लोगों के अंदर काफी कंफ्यूजन होता है। दोनों में से किसके पास ज्यादा पावर होता है इसकी भी जानकारी लोगों के पास नहीं होती है। ऐसे में आज हम आपको बीडीओ और सीडीओ दोनों में फर्क बताएंगे। साथ ही दोनों के कार्यों के बारे में भी जानेंगे। इसी के साथ आइए जानते हैं– बीडीओ और सीडीओ में कौन कितना पावरफुल है।

### क्या है बीडीओ और सीडीओ में फर्क


बीडीओ का मतलब ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर होता है। इनका काम ब्लॉक के अंतर्गत विकास संबधित प्रोग्रामों के कार्यन्वयन की देखरेख करना है। वहीं दूसरी ओर चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर जिले के सभी ब्लॉकों के योजनाओं के डेवलपमेंट की निगरानी और देखरेख करना है। बीडीओ की नियुक्ति राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है। दूसरी ओर सीडीओ पद की नियुक्ति संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की जाती है।

### बीडीओ के कार्य


ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर राज्य का एक सरकारी ऑफिसर होता है, जो किसी ब्लॉक के विकास और गतिविधियों के लिए कार्य करता है। उसके पास ही विकास और अन्य गतिविधियों की जिम्मेदारी होती। बीडीओ का पद पंजायती राज्य व्यवस्था के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। बीडीओ के विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के विकास के लिए काम करता है। यह प्रशासन के लिए जिम्मेदार होते हैं। बीडीओ ब्लॉक समिति के सदस्य होते हैं। किसी जिले के सभी बीडीओ भी जिला पंचायत या जिला परिषद का हिस्सा होते हैं।

### सीडीओ के कार्य

चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर भारतीय राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में एक एडमिनिस्ट्रेटिव पद के रूप में जाना जाता है। सीडीओ राज्य और केंद्र सरकारों की गरीबी उन्मूलन और बेसिकक स्ट्रक्चर के निर्माण की विभिन्न डेवलपमेंट स्कीम की देखरेख करना है। सीडीओ जिलाधिकारी के सुपरविजन और कंट्रोल में काम करते हैं। सीडीओ के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉक के विकास से संबधित सभी कार्यों की निगरानी करता है।



# एक बार में क्रैक होगा गेट, ऐसे करें तैयारी



गेट को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग कहा जाता है। ये एक राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग एंट्रेंस परीक्षा है और कई छात्र M.Tech एडमिशन या PSU भर्तियों में शामिल होने के लिए इस परीक्षा में भाग लेते हैं। चूंकि कम्पटीशन लेवल काफी हाई है इसलिए उम्मीदवारों को पता होना चाहिए कि गेट की तैयारी कैसे करें। अपने टाइम टेबल को रिशेड्यूल करें। अब इसमें ऐसे विषय पहले रखें जो सरल और जरूरी हैं। इसकी शुरुआत आप गणित और एक बेसिक टेक्निकल सब्जेक्ट से कर सकते हैं। टॉपिक पढ़ते समय साथ में ही रिवीजन के लिए नोट्स बनाते जाएं। इसमें मुख्य परिभाषा, फार्मूला आदि लिखते जाएं। सभी टॉपिक पढ़ने के बाद उसके अनुसार ही पिछले सालों के गेट के पेपर सोल्व करें।

### सभी विषयों को बराबर समय दें

परीक्षा तैयारी के दौरान एक ही विषय पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सभी विषयों के बीच अपने समय को समान रूप से विभाजित करके तैयारी करें। सभी विषयों को एक व्यवस्थित तरीके से तैयार करें तो बेहतर रहेगा। इसके लिए एक समय सीमा तय करें और उस समय से पहले अपने सभी विषयों को समाप्त करने का प्रयास करें।

### रिवीजन नोट्स जरूर बनाएं

अपने सिलेबस को पढ़ते समय रिवीजन नोट्स जरूर बनाएं। अंतिम समय में परीक्षा तैयारी के दौरान यही नोट्स आपका सबसे ज्यादा साथ देंगे। इन रिवीजन नोट्स को हफ्ते में एक बार पढ़ें, इससे आपके तैयार सब्जेक्ट के कांसेप्ट भी आपको याद आते जायेंगें। अंतिम समय में इन नोट्स के माध्यम से जैसे–जैसे किसी टॉपिक या विषय को आप रिवाइज करते जाएंगे, वैसे वैसे आपको रिवीजन में कम समय लगेगा और कॉन्सेप्ट क्लियर हो जाएंगे।

### रिवीजन जरूर करें

गेट परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर्स में से एक है रिवीजन। आपको विभिन्न टॉपिक्स और चैप्टर्स को रिवाइज करने के लिए पर्याप्त समय देना चाहिए ताकि सब कुछ माइंड में फ्रेश रहे। अपने डेली स्टडी शेड्यूल में से कुछ घंटे रिवीजन के लिए दें, क्योंकि इससे आपको टॉपिक्स को और अच्छी तरह समझने में मदद मिलेगी। इससे आपको यह भी पता चलेगा कि आपने जिन सब्जेक्ट्स और चैप्टर की स्टडी की उनमें से कितने आपको अच्छी तरह से याद हैं। इसलिए रिवीजन बार–बार करनी चाहिए।

### मॉक टेस्ट और पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र सॉल्व करें

गेट परीक्षा के एक्चुअल एग्जामिनेशन को जानने व समझने के लिए कैंडिडेट्स को ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट और पिछले साल के पेपर्स व प्रैक्टिस पेपर्स को अटेम्प्ट करना चाहिए। उम्मीदवार ध्यान दें कि, सभी टॉपिक पढ़ने के बाद टॉपिक के अनुसार पिछले सालों के गेट के पेपर सॉल्व करें। हर टॉपिक और विषय के अनुसार क्विज और टेस्ट दें। यह उम्मीदवारों को उनकी परफॉर्मेंस को एनालाइज करने और उनके कमजोर क्षेत्रों में सुधार करने में मदद करते हैं।

### आखिरी चरण में रिवीजन

यह प्लान अंतिम सप्ताह का है। इस समय आपको रिवीजन और प्रैक्टिस दोनों को समय देना होगा। ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस टेस्ट दें। हर टेस्ट के बाद देखें कौन से टॉपिक में आप कमजोर है, उसके बाद उसका रिवीजन अच्छे से करें। इस समय आपको रोजाना 2–5 प्रैक्टिस टेस्ट देने होंगें, साथ ही प्रैक्टिस के दौरान सारे कांसेप्ट याद रखें। इस चरण में आपका आत्मविश्वास दिन पे दिन बढ़ता जायेगा।

### अंतिम समय में न पढ़े नया टॉपिक

उम्मीदवार यह ध्यान रखें कि अंतिम समय में किसी भी नए टॉपिक को बिल्कुल भी न पढ़े। इस दौरान आप अपने नोट्स के माध्यम से सिर्फ रिवीजन करें। अच्छा खाना खाएं और पूरी नींद लें। किसी भी तरह का मानसिक दबाव बिल्कुल न लें।

## संक्षिप्त समाचार

### 2023 में तकनीकी गड़बड़ियों के लिए सीईओ पीयूष गुप्ता का 27 प्रतिशत वेतन काटा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डीबीएस बैंक के भारतीय मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीयूष गुप्ता का वेतन तकनीकी गड़बड़ी के विभिन्न मामलों के कारण पिछले साल 27 प्रतिशत घटाकर 1.12 करोड़ सिंगापुर डॉलर (करीब 69 करोड़ रुपये) कर दिया गया। बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। 2022 में, गुप्ता को 1.54 करोड़ सिंगापुर डॉलर का वेतन मिला था। सिंगापुर स्थित बैंक ने फरवरी में कहा था कि उसके सीईओ और समूह प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों के लिए 2023 में मुआवजे में कटौती की गई है। उन्हें पिछले साल हुए डिजिटल व्यवधानों की श्रृंखला के लिए जवाबदेह ठहराया गया है। यह वेतन कटौती बैंक के रिकॉर्ड 2023 के मुनाफे और कई क्षेत्रों में आउटपरफॉर्मेंस के बावजूद की गई। 2023 बैंक ने एक रिकॉर्ड बनाया और इसकी कुल आय पहली बार 20 अरब सिंगापुर डॉलर का आंकड़ा पार कर गई। इस बैंक का शुद्ध लाभ 10.3 अरब सिंगापुर डॉलर और इक्विटी पर रिटर्न 18 प्रतिशत की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। सिंगापुर के रहने वाले गुप्ता वेतन कटौती पाने के मामले में अकेले नहीं थे। डीबीएस ने रिपोर्ट में कहा कि डिजिटल व्यवधानों के लिए प्रबंधन की जवाबदेही को दर्शाने के लिए सीईओ सहित वरिष्ठ प्रबंधन के कुल परिवर्तनीय वेतन में 21 प्रतिशत की कटौती की गई है।

### संप्रग सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई में थी, हम 5 प्रतिशत के नीचे लाए, मुंबई में बोले अमित शाह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार मुद्रास्फीति को पांच प्रतिशत से नीचे रखने में सफल रही है, जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाली पिछली सरकार के समय यह दहाई अंक में पहुंच गई थी। शाह ने मुंबई में इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत नाजुक थी, मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर थी और राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण से बाहर था। उन्होंने कहा, कांग्रेस की अगुवाई वाली संप्रग सरकार के समय मुद्रास्फीति दहाई अंक में पहुंच गई थी लेकिन हमारी सरकार ने इसे पांच प्रतिशत से नीचे रोक दिया है। संप्रग सरकार के समय 12 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न घोटालों से देश का विश्वास हिल गया था और साठगांठ वाला (क्रॉनी) पूंजीवाद अपने चरम पर था। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति की तुलना पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के शासनकाल से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, जब तक आप यह नहीं जानते कि गड्ढा कितना गहरा है, आप प्रगति को नहीं समझ सकते हैं। शाह ने कहा, भारत एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर देश है, जिसने खुद को निष्क्रिय सरकार से गतिशील सरकार में, प्रतिगामी से प्रगतिशील विकास में और नाजुक अर्थव्यवस्था से शीर्ष अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज भारत एक नीति-संचालित राज्य के रूप में उभरा है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कहा, हम अपनी सरकार के पिछले 10 वर्षों के प्रदर्शन और अगले 25 वर्षों के रोडमैप के साथ चुनाव में उतर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूरदर्शी प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरा होने तक भारत पूरी तरह से विकसित, आत्मनिर्भर और दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

# 260 करोड़ डॉलर खर्च कर जुकरबर्ग बनवा रहे भूमिगत बंकर, 1400 एकड़ में फैला है आलीशान ठिकाना

न्यूज डॉट कॉम एयू की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग एक विशाल भूमिगत बंकर बनवा रहे हैं। यह एक उस विशाल लक्जरी एस्टेट का एक हिस्सा होगा जिसका निर्माण अरबपति हवाई के काउई नामक एक दूरस्थ द्वीप पर करवा रहे हैं।

आउटलेट ने आगे कहा कि जुकरबर्ग कम से कम एक दशक से चुपचाप किलेबंद इमारत की योजना बना रहे हैं, और इस पर वे 260 मिलियन डॉलर खर्च करने वाले हैं। हालांकि जुकरबर्ग ने अब तक बंकर के बारे में कुछ नहीं कहा है। उनकी संपत्ति पर काम करने वाला कोई अन्य व्यक्ति भी सख्त गैग ऑर्डर के कारण इस बारे में कुछ नहीं बोल रहा है।

वायर्ड ने वहां काम करने वाले कुछ निर्माण कर्मचारियों से बात की और उन्होंने कहा कि उनके कई सहयोगियों को सोशल मीडिया पर इसके बारे में पोस्ट करने के बाद परियोजना से हटा दिया गया था। श्रमिकों में से एक ने कहा, यह फाइट क्लब है। हम फाइट क्लब के बारे में बात नहीं करते। यहां से कुछ भी पोस्ट किया जाता है, उन्हें तुरंत इसकी हवा मिल जाती है। वायर्ड ने श्रमिक की पहचान सार्वजनिक नहीं की है। एक अन्य कार्यकर्ता ने कहा कि गोपनीयता बरतने के लिए सख्ती बरती जाती है और साइट पर श्रमिक को तस्वीर लेने का भी मौका नहीं दिया जाता है। आउटलेट ने कहा कि जुकरबर्ग ने अगस्त 2014 में शुरू होने वाले सौदों की एक श्रृंखला में जमीन खरीदी। वे 2016 में क्रिसमस के



दौरान हवाई छुट्टी पर गए वहां से परिवार की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। वायर्ड लेख में कहा गया है कि पूरी संपत्ति 1,400 एकड़ (61 मिलियन वर्ग फुट) में फैली हुई है। भूमिगत बंकर का निर्माण 5,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में किया जा रहा है। इसकी अपनी ऊर्जा और खाद्य आपूर्ति होगी। काउई की आबादी 73,000 है और यहां हॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग हुई है। इनमें पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन और जुरासिक पार्क शामिल हैं।

न्यूयॉर्क पोस्ट ने कहा कि काउई के अधिकांश निवासी मूल हवाईयन के वंशज हैं। साथ ही यहां चीनी, प्यूर्टो रिकान और फिलिपिनो प्रवासियों के वंशज भी रहते हैं, जो 19वीं शताब्दी के अंत में गन्ने के बागानों में काम करने आए थे।

## भारतीय स्टार्टअप अधिकारी बोले- अमेजन-ऊबर को मुफ्त सेवा, हमसे शुल्क ले रहा गूगल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गूगल के बयान के बाद भारतीय स्टार्टअप के प्रमुख अधिकारियों व संस्थापकों ने कहा कि यह अंतरिम समझौता है, लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। साथ ही बताया गूगल भारतीय कंपनियों के लिए अपनी नीति चुनिंदा ढंग से लागू कर रहा है। जो सेवाएं वह अमेजन और ऊबर जैसी वैश्विक कंपनियों से मुफ्त दे रहा है, उनके लिए भारतीय स्टार्टअप से शुल्क वसूल रहा है। स्टार्टअप ने बताया कि दोनों पक्ष जब विवाद का समाधान निकालने के लिए अगले 4 महीने साथ बैठक कर वार्ता कर रहे होंगे, तब भी गूगल 11 से 26 प्रतिशत तक सेवा शुल्क वसूलता रहेगा। शादी डॉटकॉम संस्थापक व सीईओ अनुपम मित्तल ने कहा-हम चाहते हैं कि डवलपर्स की पेमेंट गेटवे का विकल्प चुनने की स्वतंत्रता बनी रहे। इसके लिए क्या शुल्क देना है, यह खुले बाजार को तय करने देना चाहिए। ट्रूली मैडली के सह संस्थापक व सीईओ स्नेहिल खानोर ने कहा- हमने सरकार से अपील की है कि एक कानूनी ढांचा बने, जो किसी वैश्विक और भीमकाय टेक कंपनी की एकतरफा व भेदभावपूर्ण नीतियों से भारतीय स्टार्टअप और इनोवेटर्स को सुरक्षा दे। कुकू एफएम के सह संस्थापक व सीईओ लालचंद बिसू बोले-यह समझौता थोड़े समय के लिए निकला समाधान है। हम जानते हैं कि गूगल इसका भी कोई न कोई शातिराना तोड़ फिर से निकाल ही लेगा। हमारे लिए यह लंबी लड़ाई है। भारत मैट्रीमनी के सीईओ मुरुगवेल जानकीरमण ने कहा-पेमेंट गेटवे पर 1 से 2 प्रतिशत शुल्क लिया जाता है, लेकिन गूगल जो शुल्क वसूल रहा है, वह डिजिटल स्टार्टअप्स के लिए बहुत बड़ा बोझ है। स्टेज के सह संस्थापक व सीईओ विनय सिंघल ने कहा-इस समय हुआ अंतरिम समझौता न्यायोचित नहीं है। लेकिन कुछ समय के लिए इसे स्वीकारा जा सकता है।



## सोना ऑल टाइम हाई से फिसला, चांदी की चमक हुई कम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बुधवार 6 मार्च को सर्राफा बाजारों में सोना अपने ऑल टाइम हाई 64598 रुपये से फिसलकर 64556 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। वहीं, चांदी की चमक आज कम हो गई है। चांदी का भाव आज 531 रुपये प्रति किलो कम होगर 71713 रुपये पर खुला।



सोने-चांदी की कीमतों में यह गिरावट गोरखपुर, दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, कोलकाता, जयपुर और पटना समेत सभी शहरों में है। 24 कैरेट सोना आज 42 रुपये सस्ता होकर 64556 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में सोना-चांदी 1000 से 2000 रुपये महंगा मिल रहा हो। आईबीजेए के नए रेट के मुताबिक अब सोना अपने 5 मार्च 2024 के ऑल टाईम हाई से 42 रुपये सस्ता है। आज 6 मार्च को सर्राफा मार्केटों में 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब 41 रुपये घटकर 64298 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। जबकि, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 39 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरकर 59133 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। बिना जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के 18 कैरेट सोने की कीमत में 32 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी दर्ज हुई है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत में 25 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी दर्ज की गई है। आज यह 37765 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। आज चांदी 71713 रुपये प्रति किलो के रेट से खुली।

# फरवरी में ही 5 प्रतिशत के नीचे आ गई थी महंगाई, खाद्य पदार्थों और ईंधन-बिजली में नरमी से राहत की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार के खाद्य पदार्थों के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने समेत अन्य उपायों से खुदरा महंगाई में पिछले दो महीने से लगातार गिरावट देखी जा रही है। फरवरी, 2024 में इसके और घटकर 5 फीसदी से नीचे आने की उम्मीद है। इससे पहले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई तीन महीने से लगातार पांच फीसदी से ऊपर बनी हुई है। जनवरी, 2024 में यह 5.10 फीसदी रही थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों और ईंधन-बिजली की कीमतों में नरमी से फरवरी में खुदरा महंगाई 4.87 फीसदी रह जाएगी।




अन्य उत्पादों के साथ खाने-पीने की वस्तुएं भी फरवरी में सस्ती होंगी। उम्मीद है कि खाद्य महंगाई फरवरी में घटकर 7.9 फीसदी रह जाएगी। जनवरी में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई 8 फीसदी से ज्यादा रही थी।


मसालों की महंगाई दर भी फरवरी में 16.4 फीसदी से घटकर 12 फीसदी पर आ जाएगी। हल्दी के मामले में दर 11.6 फीसदी से घटकर 1.6 फीसदी रह सकती है। जीरे की महंगाई दर भी 89.8 से घटकर 66 फीसदी रह जाएगी। मसालों के अलावा फलों की महंगाई दर भी दो फीसदी से ज्यादा घटकर 6.4 फीसदी पर आ सकती है। जनवरी, 2024 में इनकी महंगाई दर 8.7 फीसदी रही थी।

दूध-अनाज दोनों की मुद्रास्फीति में मसालों एवं फलों जितनी बड़ी गिरावट की संभावना नहीं है। दूध की महंगाई दर गिरकर 3.8 फीसदी पर आ सकती है, जो जनवरी में 4.6 फीसदी रही थी। अनाज की महंगाई दर 7.8 फीसदी से घटकर 7.3 पर आ सकती है। हाल के महीनों में दूध की कीमतें कमोबेश स्थिर बनी हुई हैं। हालांकि, पिछले साल मवेशियों में बीमारी के कारण दूध की कीमतें तेजी से बढ़ी थीं।

# ब्लूमबर्ग इंडेक्स में शामिल होगा भारत, मिल सकेगा सस्ता कर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेपी मॉर्गन के बाद अब ब्लूमबर्ग ने भी अपने बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने का फैसला किया है। भारत फुली एक्सेसिबल बॉन्ड्स यानी एफएआर को ब्लूमबर्ग इमर्जिंग मार्केट लोकल करंसी गवर्नमेंट इंडेक्स और इससे जुड़े इंडेक्स में 31 जनवरी, 2025 से शामिल किया जाएगा। इसके बाद देश की सरकारी प्रतिभूतियों में अगले दो साल में 40 अरब डॉलर के विदेशी निवेश का अनुमान है। यह रकम विदेशी निवेशकों के पास मौजूद भारतीय बॉन्ड के आकार से भी ज्यादा है।

बाजार से जुड़े सभी पक्षों से चर्चा के बाद ब्लूमबर्ग ने यह फैसला लिया है। ब्लूमबर्ग ने मंगलवार को बताया कि बॉन्ड्स को इंडेक्स में 10 माह के दौरान कई चरणों में शामिल किया जाएगा। जिन इंडेक्स में भारत को जगह मिल सकती है, उसमें ब्लूमबर्ग इमर्जिंग लोकल करेंसी गवर्नमेंट इंडेक्स, 10 पर्सेंट कंट्री कैप्ड इंडेक्स और अन्य इंडेक्स शामिल हैं। ब्लूमबर्ग ने कहा, भारतीय एफएआर बॉन्ड्स को हमारे इमर्जिंग मार्केट लोकल करेंसी गवर्नमेंट इंडेक्स में शामिल करना खास अवसर है। खासकर, तब जब भारत अपने बॉन्ड बाजार को खोलने के लिए लगातार कदम उठा रहा है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक 31 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली 10 महीने की अवधि में चरणबद्ध तरीके से संबंधित इंडेक्स में भारत एफएआर शामिल होगा। बॉन्ड बाजार के पूरे मूल्य के 10 फीसदी के शुरुआती वेटेज के साथ ब्लूमबर्ग ईएम लोकल करेंसी इंडेक्स में शामिल होगा। यह अवधि अक्तूबर 2025 में खत्म होगी। तब तक हर महीने एफएआर बॉन्ड का वेटेज उनके बाजार के पूरे मूल्य के 10 फीसदी के साथ बढ़ाया जाएगा।



### चीन और द. कोरिया के बाद तीसरा बड़ा बाजार

ब्लूमबर्ग इमर्जिंग मार्केट 10 फीसदी कंट्री कैप्ड इंडेक्स में पूरी तरह से शामिल होने के बाद, भारत चीन और दक्षिण कोरिया दोनों के साथ 10 प्रतिशत कैप तक पहुंचने वाले बाजारों में शामिल होगा। इंडेक्स में 34 भारतीय प्रतिभूतियां शामिल होंगी। बाजार वैल्यू वेटेज आधार पर 6.18 लाख करोड़ डॉलर इंडेक्स का 7.26 फीसदी हिस्सा रखेगा।

### रुपये की भी बढ़ेगी मांग

भारतीय बॉन्ड्स में निवेश करने के लिए विदेशी निवेशकों को अपनी मुद्रा को रुपये में बदलना होगा। इससे रुपये की मांग बढ़ेगी और यह महंगा होगा। आयात भी महंगा होगा। इसका असर महंगाई दर पर हो सकता है।

### दो माह में रिकॉर्ड निवेश

भारतीय बॉन्ड के अपने इंडेक्स में शामिल करने के जेपी मॉर्गन के फैसले के बाद इस साल के पहले दो माह में घरेलू बॉन्ड बाजार में रिकॉर्ड विदेशी निवेश हुआ है। जनवरी में 19,837 करोड़ व फरवरी में 22,419 करोड़ का निवेश आया है। फरवरी का निवेश 7 साल में सर्वाधिक है।

## रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारी करने और उसके इस्तेमाल से जुड़े नियमों में किया बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के अनुसार कार्ड जारीकर्ता कार्ड नेटवर्क के साथ ऐसी किसी व्यवस्था या करार में शामिल नहीं होंगे जो उन्हें अन्य कार्ड नेटवर्कों की सेवाओं का लाभ उठाने से रोकता हो। कार्ड जारीकर्ता अपने पात्र ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड जारी करते समय कई कार्ड नेटवर्क चुनने का विकल्प प्रदान करेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि मौजूदा कार्डधारकों के लिए, यह विकल्प अगले नवीनीकरण के समय प्रदान किया जा सकता है।




### नए निर्देशों का उद्देश्य क्या है?

नए दिशा निर्देश जारी करने के पीछे आरबीआई का उद्देश्य क्रेडिट कार्ड जारी करने और उसके उपयोग में ग्राहकों के लिए अधिक विकल्प और लचीलापन सुनिश्चित करना है। केंद्रीय बैंक के अनुसार य कार्ड नेटवर्क और जारीकर्ताओं के बीच कुछ व्यवस्था ग्राहकों के विकल्पों को सीमित कर रही थी। आरबीआई ने इस कारण निम्नलिखित निर्देश दिए हैं-

कार्ड जारीकर्ताओं को ऐसे समझौतों में प्रवेश करने से रोका जाता है जो उन्हें अन्य कार्ड नेटवर्क से सेवाओं का लाभ उठाने से रोकते हैं। कार्ड जारीकर्ताओं को पात्र ग्राहकों को कार्ड जारी किए जाने पर कई कार्ड नेटवर्क से चयन करने का विकल्प प्रदान करना चाहिए। मौजूदा कार्डधारकों के मामले में, यह विकल्प उनके अगले कार्ड नवीनीकरण के समय प्रदान किया जाएगा। आरबीआई के निर्देश में अधिकृत कार्ड नेटवर्क के रूप में अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, डाइनर्स क्लब इंटरनेशनल लिमिटेड, मास्टरकार्ड एशिया, मैसर्स नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-रुपे और वीजा वर्ल्डवाइड प्राइवेट लिमिटेड को परिभाषित किया गया है। यह निर्देश 10 लाख से कम सक्रिय कार्ड वाले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ताओं पर लागू नहीं होंगे।

आरबीआई ने कहा कि जारी करते समय ग्राहकों की पसंद के बारे में निर्देश इसके जारी होने के छह महीने में भीतर प्रभावी होंगे।

# बिल गेट्स को चाय पिलाने वाले डॉली चायवाला 10 लाख की संपत्ति के मालिक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक बिल गेट्स की नेटवर्थ करीब 149 अरब डॉलर है और वह दुनिया के पांचवें सबसे अमीर इंसान हैं। बिल गेट्स के वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाते हैं। बता दें कि बिल गेट्स जब भी भारत यात्रा पर आते हैं तो हमेशा कोई ऐसी वीडियो या फोटो साझा करते हैं जो चर्चा का विषय बन जाती है।



हाल ही में मशहूर डॉली चायवाले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जिसमें बिल गेट्स वन चाय प्लीज कहते नजर आए थे। आज हम आपको बिल गेट्स को चाय पिलाने वाले डॉली चायवाले की नेटवर्थ के बारें में बताने जा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से डॉली चायवाला काफी फेमस हो गए हैं।

### डॉली चायवाले का अंदाज

डॉली चायवाला अपने अतरंगी अंदाज के लिए सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। डॉली चायवाला अपने अतरंगी लुक को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। चमकीली शर्ट, आंखों में चश्मा और रंगीला अंदाज डॉली चायवाले को सबसे अलग दिखाता है। बता दें कि डॉली रजनीकांत स्टाइल में चाय पिलाते हैं।

### डॉली चायवाला की नेटवर्थ

डॉली पिछले 16 सालों से महाराष्ट्र के नागपुर में चाय की टपरी लगा रहे हैं। कई सेलिब्रिटी भी डॉली की चाय के दीवाने हैं और उनकी टपरी पर चाय पीने आते हैं। डॉली चाय की टपरी से अच्छी खासी कमाई कर लेते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डॉली करीब 10 लाख रुपए की संपत्ति के मालिक हैं।

डॉली चायवाला का चाय बनाने का तरीका लोगों को काफी पसंद आता है। दूर दूर से फूड व्लॉगर्स उनके वीडियो बनाने आते हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी करते हैं। हालांकि जब से बिल गेट्स ने इनकी टपरी पर चाय पी है हालांकि जब से बिल गेट्स ने इनकी टपरी पर चाय पी है तब से डॉली चायवाला और मशहूर हो गए हैं।

# कंगाल कर रहा सुजलॉन एनर्जी का शेयर, लगातार लग रहा लोअर सर्किट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड शेयरों में लगातार पांचवें सेशन में गिरावट है। लगातार इसमें 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट लग रहा है। कंपनी के शेयर आज बुधवार को 38.53 के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए थे। इसके साथ, सुजलॉन एनर्जी का स्टॉक 2 फरवरी को अपने 52-सप्ताह के हाई लेवल 50.72 रुपये से 25 प्रतिशत नीचे आ गया है। 5 दिनों की बिकवाली के दौरान शेयर में 15 फीसदी की गिरावट आई है। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, खबर है कि सरकार विंड एनर्जी कैपासिटी के लिए रिवर्स नीलामी वापस लाने पर विचार कर रहा है।



### क्या है ब्रोकरेज की राय?

न्यू एंड रिन्यूएबल मंत्रालय (एमएनआरई) एनर्जी कंपनियों के लिए विंड एनर्जी कैपासिटी की नीलामी के लिए रिवर्स नीलामी वापस लाने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने एनटीपीसी, एनएचपीसी, एसजेवीएन और अन्य पीएसयू जैसी कंपनियों को एक पत्र भेजकर निर्देश दिया है, जिसमें हालिया विंड बोलियों में अंडरसब्सक्रिप्शन और अधिक टैरिफ खोज के कारणों का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, एमएनआरई ने रिवर्स नीलामी के पहले के दृष्टिकोण को बहाल कर दिया है, सादे वेनिला पवन निविदाओं के लिए साइज को 600 मेगावाट तक सीमित कर दिया है और नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा पैन इंडिया बेस्ड बोलियां जारी करना अनिवार्य कर दिया है। बता दें कि रिवर्स नीलामी सिस्टम के तहत, बोली लगाने वाले एक-दूसरे के खिलाफ तब तक बोली लगाते हैं जब तक कि किसी बोली को प्रति-प्रस्ताव द्वारा चुनौती न दी जाए। इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त विंड कैपासिटी स्थापना नहीं हुई, जिसके कारण मंत्रालय को इस पद्धति को रद्द करना पड़ा। जेएम फाइनेंशियल ने सुजलॉन पर अपनी खरीद रेटिंग बरकरार रखी है। ब्रोकरेज ने सुजलॉन एनर्जी के शेयर पर 54 रुपये का टारगेट रखा है और इसे खरीदने की सलाह दी है। बता दें कि सुजलॉन के शयेर पिछले छह महीनों में 62 प्रतिशत से अधिक चढ़े हैं।

## 15 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए महानगर गैस के शेयर, रेटिंग के साथ घटा शेयरों का टारगेट प्राइस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महानगर गैस लिमिटेड के शेयरों को तगड़ा झटका लगा है। कंपनी के शेयर बुधवार को 16 पर्सेंट से अधिक की गिरावट के साथ 1305 रुपये पर पहुंच गए हैं। ब्रोकरेज हाउस सिटी ने महानगर गैस के शेयरों को डाउनग्रेड कर दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने महानगर गैस के शेयरों को डाउनग्रेड करके सेल रेटिंग दी है। सिटी ने पहले महानगर गैस के शेयरों को बाय रेटिंग दी थी। ब्रोकरेज हाउस सिटी ने महानगर गैस के शेयरों का टारगेट प्राइस घटाकर 1405 रुपये कर दिया है, जो कि पहले 1480 रुपये था। ब्रोकरेज हाउस सिटी ने महानगर गैस लिमिटेड के मार्जिन पर रेगुलेटरी रिस्क के असर पड़ने का हवाला दिया है। सिटी ने कहा है कि वह ऑयल मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी के हालिया बयान से चिंतित है। पुरी ने कहा था कि इंड कंज्यूमर्स को सरकार के गैस रिफॉर्म्स का पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है। वहीं, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को लगातार हायर प्रॉफिट्स हो रहा है। मिनिस्टर ने यह भी कहा कि ग्राहकों के फायदे को सुनिश्चित करने के लिए सरकार कठोर कदम उठाने पर भी विचार कर सकती है। महानगर गैस लिमिटेड ने कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस के दाम घटाने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है, गैस इनपुट कॉस्ट घटने की वजह से महानगर गैस ने मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में सीएनजी का दाम 2.5 रुपये प्रति किलो घटाने की घोषणा की है। सीएनजी का रिवाइज्ड एमआरपी 73.50 रुपये प्रति किलो होगा। नए दाम 5 मार्च 2024 की मध्य रात्रि/6 मार्च की सुबह से प्रभावी होंगे। महानगर गैस लिमिटेड ने कहा है कि पेट्रोल के मुकाबले सीएनजी प्राइस अब 53 पर्सेंट की तगड़ी बचत करा रहे हैं। वहीं, डीजल के मुकाबले यह बचत 22 पर्सेंट की है।





## बुमराह की वापसी, जायसवाल हजार रन के करीब

# पांचवां टेस्ट: पहले दिन बारिश की आशंका

**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैच की सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला कल यानी गुरुवार से खेला जाएगा। मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में सुबह 9ः30 बजे से होगा। टॉस सुबह 9 बजे होगा। रांची टेस्ट जीतने के बाद भारत 3-1 से बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर कब्जा भी कर लिया है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस मैच में वापसी करेंगे। उन्हें चौथे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था। वहीं सीरीज में फेल रहे रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डिकल को डेब्यू का मौका मिल सकता है।

### हेड टु हेड में इंग्लैंड आगे

हेड टु हेड में इंग्लैंड आगे है। दोनों टीमों के बीच अब तक 135 मैच हुए है, जिसमें से भारत ने 34 और इंग्लैंड ने 51 जीते हैं। हालांकि, भारत में दोनों टीमों के बीच हुए 68 मैचों में भारत ने 25 जीते, 15 हारे और 28 ड्रॉ रहे।




### धर्मशाला टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

### यशस्वी जायसवाल टॉप रन स्कोरर

भारत ने हैदराबाद में सीरीज का पहला मैच हारने के बाद शानदार वापसी की है। विशाखापट्टनम में नजदीकी मुकाबले में जीतने के बाद टीम ने राजकोट में एकतरफा मुकाबले में 106 रन से जीत हासिल की। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल टॉप रन स्कोरर हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह टीम के टॉप विकेटटेकर हैं।

**हार्टले ने सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लिए-** इंग्लैंड पहला टेस्ट जीतने के बाद से लय में नजर नहीं आ रहा है। टीम को पिछले तीनों मैच में हार मिली है। इंग्लिश ओपनर जैक क्रॉले इस सीरीज में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में तीन अर्धशतक लगाए और 328 रन बनाए।



## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल को हम भी उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं: पंत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 से पहले कहा है कि आईपीएल एक भावना है, और हम इसे उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं। दिसंबर 2022 में एक दुखद दुर्घटना से



उबरने के बाद उनके आईपीएल 2024 में अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए एक्शन में वापसी करने की उम्मीद है। पंत आईपीएल 2024 में वापसी के लिए प्रशंसकों से मिले प्यार के लिए आभारी हैं। आईपीएल सीरीज अभियान अजब रंग दिखेगा से बात करते हुए पंत ने कहा कि अजब रंग दिखेगा अभियान का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। आईपीएल एक भावना है और हम भी इसे उतना ही पसंद करते हैं जितना प्रशंसक करते हैं।

### सचिन तेंदुलकर ने गिनाए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने के फायदे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी युवा खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इस बार के रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल दिलचस्प रहे। मुंबई ने बल्लेबाजी के दम पर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि विदर्भ और मध्य प्रदेश के बीच कांटे का मुकाबला जारी है। उन्होंने बीसीसीआई की तारीफ भी की, जो डोमेस्टिक क्रिकेट को बढ़ावा दे रहा है। सचिन ने ये भी बताया कि उनको जब भी मौका मिला, वे मुंबई के लिए खेले, लेकिन आजकल के क्रिकेटर ऐसा करने



से कतरा रहे हैं। उनका मानना है कि इससे युवा खिलाड़ियों को फायदा होता है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी को लेकर किए गए एक्स पोस्ट में लिखा,卐रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल दिलचस्प रहे। मुंबई का इसके फाइनल में पहुंचना शानदार बल्लेबाज़ी की मदद से हुआ, जबकि दूसरा सेमीफाइनल अंतिम दिन तक अधर में लटका हुआ है। मध्य प्रदेश को जीत के लिए 90 से ज्यादा रन चाहिए, जबकि विदर्भ को 4 विकेट चाहिए। अपने पूरे करियर के दौरान, जब भी मुझे मौका मिला, मैं मुंबई के लिए खेलने को लेकर जुनूनी रहा। बड़े हुए तो हमारे ड्रेसिंग रूम में लगभग 7-8 भारतीय खिलाड़ी थे और उनके साथ खेलना मजेदार था।



# 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे अश्विन

### 92 साल में 4 गेंदबाज खेल पाए 100+ मुकाबले, रिकॉर्ड कुंबले के नाम

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेलेंगे। वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे। वे यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के 77वें खिलाड़ी होंगे। अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे, जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। उनसे पहले अनिल कुंबले, कपिल देव, ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें इंग्लिश प्लेयर बनेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत सीरीज में 3-1 से आगे है।



### अश्विन 100 टेस्ट खेलने वाले चौथे एक्टिव भारतीय होंगे

अश्विन से पहले 100 टेस्ट खेलने की उपलब्धि 13 भारतीय खिलाड़ी हासिल कर चुके हैं। इस लिस्ट में पूर्व स्टार बैटर सचिन तेंदुलकर टॉप पर हैं। दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। अश्विन टेस्ट मैचों की सेंचुरी पूरी करने वाले विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और ईशांत शर्मा के बाद चौथे एक्टिव भारतीय खिलाड़ी होंगे। ईशांत शर्मा ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 2021 में खेला था। उसके बाद वह इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं, लेकिन अब तक उन्होंने ऑफिशियल रिटायरमेंट नहीं लिया है।

### इंग्लैंड के खिलाड़ी सबसे ज्यादा 100 टेस्ट

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी इंग्लैंड के है। अब तक इंग्लैंड के 16 खिलाड़ियों ने यह माइलस्टोन हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। भारत का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है।

### अश्विन के खास रिकॉर्ड...

**अश्विन टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय-** अश्विन ने 99 टेस्ट में 507 विकेट लिए हैं। वे 500 विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले ने 105 मैचों यह उपलब्धि हासिल की थी। वे सबसे कम टेस्ट में 500 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। केवल श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने उनसे कम मैचों (87) में 500 विकेट पूरे किए थे।



## रविचंद्रन अश्विन रेयर टैलेंट: रोहित

### उनकी जितनी तारीफ करें वह कम-डकेट के बयान पर तंज भी कसा, बोले- शायद उन्होंने पंत को खेलते नहीं देखा

**धर्मशाला।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को रेयर-टैलेंट बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि इस ऑफ स्पिनर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। भारत 5 मैचों की सीरीज में पहले की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है। ऐसे में गुरुवार से शुरू होने जा रहे इस मुकाबले के रिजल्ट का सीरीज के परिणाम पर कोई असर नहीं होगा, लेकिन यह मैच 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन और इंग्लिश बैटर जॉनी बेयरस्टो के लिए खास होगा। रोहित ने कहा-'किसी भी खिलाड़ी के लिए 100 टेस्ट मैच खेलना बड़ी उपलब्धि होती है। वह हमारे लिए मैच विनर रहा है। उसने हमारे लिए जो कुछ भी किया है उसे देखते हुए उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी। पिछले पांच-सात वर्षों में उसके प्रदर्शन को देखिए। हर सीरीज में उसने योगदान दिया है। उस जैसे खिलाड़ी दुर्लभ होते हैं।' धर्मशाला टेस्ट से पहले प्रैक्टिस

# पदक विजेताओं को मिलेगी सरकारी नौकरी में वरीयता

### सरकार ने भर्ती दिशा-निर्देशों में किया संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार के आदेश के तहत खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स और पैरा गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को खेल कोटे के तहत लगने वाली सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाएगी। खेलो इंडिया के विभिन्न खेल आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब सरकारी नौकरियों में खेल कोटे के जरिए होने वाली भर्तियों में खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को वरीयता मिलेगी। अब तक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाती थी, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में खिलाड़ियों की भर्ती, प्रोन्नति के दिशा-निर्देशों में संशोधन कर इनमें खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को भी शामिल कर लिया गया।

KHELO INDIA
YOUTH GAMES

### खेलो इंडिया के सभी गेम्स शामिल

सरकार के आदेश के तहत खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स और पैरा गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को खेल कोटे के तहत लगने वाली सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाएगी। यह आदेश डीओपीटी की ओर से जारी किया गया है। उसने तीन अक्तूबर, 2013 को निकाले गए अपने आदेश में संशोधन किया है।

# विदर्भ रणजी ट्रॉफी के फाइनल में

### सेमीफाइनल के आखिरी दिन मप्र को 29 रन से हराया; यश प्लेयर ऑफ द मैच

**नागपुर।** विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश को 29 रन से हराया। बुधवार को मध्यप्रदेश को जीत के लिए 93 रनों की जरूरत थी, जबकि विदर्भ को 4 विकेट चाहिए थे। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड में दिन के पहले सेशन में विदर्भ के गेंदबाजों ने मध्यप्रदेश के आखिरी चार बल्लेबाजों को आउट करते हुए अपनी टीम को खिताबी मुकाबले में प्रवेश दिलाया। जहां विदर्भ का सामना मुंबई से होगा। यह मुकाबला 10 से 14 मार्च तक खेला जाएगा।

**यश और आदित्य ने चटकाए विकेट, आवेश नाबाद लौटे-** मुकाबले के आखिरी दिन 321 रन का टारगेट चेज कर रही मप्र ने 228/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया। सारांश जैन ने 16 रन से खेलना शुरू किया और 25 रन बनाकर आउट हो गए। जबकि कुमार कार्तिकेय अपने शून्य के स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर सके। अनुभव अग्रवाल भी खाता नहीं खोल सके। आवेश खान 8 रन बनाकर नाबाद लौटे। कुलवंत खजरोलिया ने 11 रन का योगदान दिया।



विदर्भ की ओर से यश ठाकुर और आदित्य ठाकरे ने अंतिम दिन 2-2 विकेट बांटे। टीम से यश ठाकुर और अक्षय वाखारे के नाम 3-3 विकेट रहे। आदित्य सरवटे और आदित्य ठाकरे को 2-2 विकेट मिले।

**मध्य प्रदेश को मिला था 321 रन का टारगेट-** मुकाबले में विदर्भ ने मप्र को 321 रन का टारगेट दिया था। टीम ने दूसरी पारी में 402 रन बनाए थे। विदर्भ की ओर से यश राठौड़ ने 141 रन की पारी खेली। इससे पहले, विदर्भ पहली पारी में 170 और मध्य प्रदेश 252 रन पर ऑलआउट हो गई।

**विदर्भ की दूसरी पारी में यश राठौड़ का शतक-** विदर्भ के लिए दूसरी पारी में यश राठौड़ ने सबसे ज्यादा 141 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान अक्षय वाडकर 77, अमन मोखाड़े 59 और ध्रुव शोरे 40 रन बनाकर आउट हुए। मध्य प्रदेश के लिए दूसरी पारी में अनुभव अग्रवाल ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए।



गोवा के समंदर किनारे मस्ती करती दिखीं टीवी की छोटी बहू

# पति अभिनव की बाहों में कैद रूबीना दिलाइक

टीवी की छोटी बहू यानि एक्ट्रेस रूबीना दिलाइक इन दिनों अपने परिवार के साथ फुर्सत के पलों का आनंद ले रही हैं। वह पति अभिनव, बेटियों जीवा और ऐधा के साथ गोवा में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं।

गोवा ट्रिप से एक्ट्रेस कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। हाल ही में रूबीना ने अपने गोवा ट्रिप से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो इस समय चर्चा में हैं। शेयर की तस्वीरों में रूबीना बीच किनारे पति अभिनव के साथ नजर आ रही हैं।

एक तस्वीर में रूबीना अभिनव की बाहों में कैद नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में दोनों एक-दूजे का हाथ थाम बीच किनारे चल रहे हैं। लुक की बात करें तो रूबीना व्हाइट शॉर्ट ड्रेस में स्टनिंग दिख रही हैं। मिनिमल मेकअप हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहा है।

वहीं अभिनव ब्राउन टी-शर्ट और ब्लू जींस में हैंडमस लग रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो रुबीना और अभिनव की लेटेस्ट तस्वीरें हद से ज्यादा शानदार हैं जिन पर से आप अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे।

गंदे शब्दों के इस्तेमाल का लगाया आरोप

# सुनील ने की कपिल शर्मा के नए शो की आलोचना



कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का नया शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दिखाया जाएगा। इसमें 6 साल बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक बार फिर साथ देखने को मिलेगी। इस बीच दिग्गज कॉमेडियन सुनील पाल इस शो को लेकर काफी नाराज नजर आए। सुनील ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें सुनील कहते हैं, दोस्तों द कपिल शर्मा जो नेटफ्लिक्स पर आ रहा है। उसका प्रोमो उसके वीडियो देखकर मैं काफी निराश हूं।

कपिल शर्मा हमारे कॉमेडी के सुपरस्टार हैं, किंग ऑफ कॉमेडी हैं। द ग्रेट कपिल शर्मा, जिनको लोग घर-घर में पसंद करते हैं, फैमिली एंटरटेनर के नाम पर, लेकिन अब जो उनका नया शो हज्ञज्ञ पर आ रहा है। उसमें प्रोमो की जो गंदगी मैं देख रहा हूं। गंदे शब्दों का इस्तेमाल मैं देख रहा हूं, मुझे लगता है यहां मेरा बादशाह हार जाएगा और मैं अपने बादशाह को हारते हुए नहीं देख सकता हूं। कपिल मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं। और ये जो शुरुआत हुई है इसको रोकना पड़ेगा आपको। ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि आपके जो कई करोड़ों फैंस हैं उनके लिए। क्योंकि आप सच्चे और अच्छे कॉमेडियन हैं। नियत के साथ आपका दिल, दिमाग, आवाज, आपका स्वभाव, कंटेंट बहुत साफ-सुथरा है। आप अपने काम से घर-घर में पहुंचे हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि आपके नए शो की जो शुरुआत हुई है वो बंद कर दीजिए। आपकी टीम से मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है।

सुनील ग्रोवर को मैं देख चुका है वो गाली-गलौच करते हैं। कृष्णा अभिषेक भी ऐसे ही हैं। कीकू ने भी प्रमोट कर दिया है। उम्मीद नहीं थी, लेकिन उसने भी कर दिया।

आप नेटफ्लिक्स पर आ तो गए हैं, लेकिन यहां पर जो गंदे-गंदे कीड़े-मकोड़े हैं उनसे दूर रहिए। सुनील ने कैप्शन में लिखा, अब बेचारे कपिल शर्मा को कौन बचाएगा। बता दें कि 48 साल के सुनील ने साल 2005 में ग्रेट इंडियन लॉफ्टर शो का पहला सीजन जीता था। दिवंगत राजू श्रीवास्तव रनरअप रहे थे। सुनील कई कॉमेडी शो के साथ फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।



## सनी लियोनी के अंदर घुसी माइकल जैक्शन की आत्मा

बॉलीवुड की बोल्ड एंड सिजलिंग एक्ट्रेस सनी लियोनी की हॉटनेस देखकर फैंस आहे भरने पर मजबूर हो जाते हैं। सनी का हर अंदाज इतना सिजलिंग और ब्यूटीफुल होता है कि देखने वाले देखते रह जाते हैं। बता दें कि सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। सनी लियोनी ने 2012 में भट्ट कैंप की फिल्म जिस्म-2 से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। पूजा भट्ट के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सनी के अपोजिट बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा नजर आए थे। इस फिल्म के बाद ही सनी को बैक टू बैक फिल्में मिलती गईं।

### सनी लियोनी अजीबो-गरीब डांस

सनी फैंस के साथ इंटरेक्शन का कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लेती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सनी का एक फनी वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें सनी अजीबो-गरीब फनी डांस करती नजर आ रही हैं। सनी के इस फनी वीडियो को देखकर लोग हैरत में पड़ गए हैं।

सनी ने इस फनी वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो को शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन में लिखा है कि डांस विद मी. सनी लियोनी के फैंस उनकी हर एक अदा पर जान छिड़कते हैं। इस वीडियो के लिए भी फैंस का प्यार देखते ही बनता है। डांस में एक्ट्रेस के मूव्स और एनर्जी देखने लायक है। सनी अपने क्यूट अंदाज और हिंदी से लोगों को खूब इंप्रेस करती हैं। सनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। सनी का क्यूट अंदाज फैंस को खूब भाता है। सनी शूटिंग के वक्त भी खूब मस्ती करती नजर आती हैं। निजी जिंदगी की बात करें तो सनी लियोनी ने जून 2017 में निशा नाम की बच्ची को गोद लिया था। उसके बाद मार्च 2018 में सनी लियोन सरोगेसी के जरिए दो जुड़वां बच्चों की मां बनीं। सनी के दोनों बेटों के नाम नोआह और अशर है।



ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने अपने

## अन अनाउंसड प्रोजेक्ट के पहले शेड्यूल के रैप होने की दी जानकारी

अनुष्का सेन एक बहुत ही टैलेंटेड और ग्लोबल लेवल पर पॉपुलर यंग आर्टिस्ट हैं, जो अपनी जादूई परफॉर्मेंस से दर्शकों को अपना फैंस बना लेती हैं। सिर्फ 21 साल की उम्र में, उन्हें आपने आप को एक अलग ग्लोबल स्टार ऑफ इंडिया के रूप में स्थापित कर लिया है। हाल ही में, उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने लेटेस्ट प्रोजेक्ट की एक झलक शेयर की, जिससे उनके फैंस को अनुष्का सेन के अगले कदम के बारे में जानने के लिए उत्सुकता है। हाल की एक खबर के मुताबिक, पता चला है कि अनुष्का सेन 2024 में अपनी करियर में एक दिलचस्प सफर के लिए तैयार हो रही हैं। 2023 में बिजी रहने के बाद और 2024 की बिजी शुरुआत करने वाली अनुष्का, के बारे में यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि एक्ट्रेस अब क्या करने वाली हैं। हालांकि, उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में अब तक कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है, सिर्फ यह बात कही जा रही है वह कुछ बड़े और बेहद दिलचस्प चीज पर काम कर रहे हैं।

# ईद पर होगी जबरदस्त भिड़ंत आमने-सामने अक्षय और अजय





## किसका चलेगा बॉक्स ऑफिस पर सिक्का?

अजय देवगन इन दिनों फिल्म 'शैतान' को लेकर चर्चा में हैं। इसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके जरिए अजय, आर माधवन और एक्ट्रेस ज्योतिका के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। इसी बीच एक्टर की नई फिल्म 'मैदान' की रिलीज का भी ऐलान कर दिया गया है। इसका नया पोस्टर शेयर किया गया है, जो कि काफी इमोशनल है। इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। पोस्टर शेयर करने के साथ ही जानकारी दी गई है कि इसे ईद 2024 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसकी रिलीज डेट सामने सामने आते हैं लोगों के बीच खलबली मच गई है। दरअसल, ईद 2024 के मौके पर अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' ही नहीं बल्कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'छोटे मियां बड़े मियां' भी रिलीज हो रही है। इसकी रिलीज डेट 9 अप्रैल तय की गई है। इसके जरिए अक्षय और टाइगर पहली बार स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं और ये एक्शन से भरपूर है। ऐसे में फैंस दोनों स्टार्स को एक्शन मोड में देखने के लिए बेताब हैं। दोनों ही स्टार एक्शन और स्टंट के लिए जाने जाते हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में दमदार एक्शन देखने के लिए मिलने वाला है।

### सच्ची घटना या एक्शन, बॉक्स ऑफिस किसका दिखेगा दम?

अब ऐसे में ईद 2024 के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर 'मैदान' और 'छोटे मियां बड़े मियां' के बीच जबरदस्त क्लैश देखने के लिए मिलने वाला है। एक तरफ पर्दे पर फ्रेश जोड़ी है, जो दमदार एक्शन मोड में नजर आने वाली है और दूसरी तरफ एक सच्ची घटना की कहानी। इसे अजय देवगन लेकर आ रहे हैं। ये देशभक्ति से ओत-प्रोत है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा किसे देखने पसंद करते हैं सच्ची घटना को या फिर एक्शन।

टीवी की नागिन संग Lip Kiss की क्लिप वायरल

## 'सीरियल किसर' वाले अवतार में फिर दिखे इमरान हाशमी!

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी को पिछली कुछ फिल्मों में नेगेटिव भूमिका में देखा गया। इसमें सलमान खान की 'टाइगर 3' जैसी फिल्म शामिल है। इमरान की विलेन की भूमिका को लोगों ने काफी पसंद किया, जिसके बाद फैंस को लगा कि अब एक्टर का वही रोमांटिक और 'सीरियल किसर' वाला अंदाज देखने के लिए नहीं मिलेगा। इसी बीच एक्टर की एक वीडियो क्लिप वेब सीरीज 'शो टाइम' से सामने आई है, जिसमें वो एक्ट्रेस मौनी रॉय के साथ लिप किस करते हुए नजर आ रहे हैं। उनका ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है। लोगों को एक्टर का पुराना अंदाज काफी पसंद आ रहा है।



इसे देखने के बाद फैंस वेब सीरीज के लिए एक्साइटेड हो गए हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले ही इमरान हाशमी और मौनी रॉय स्टारर वेब सीरीज 'शो टाइम' के ट्रेलर को रिलीज किया था। वेब सीरीज में देखने के लिए मिला था कि बॉलीवुड के 'काले राज' खुलते हैं। ऐसे में अब इसी वेब सीरीज से मौनी रॉय और इमरान हाशमी का स्टीमी लिप किस सीन वायरल हो रहा है, जिसके बाद एक्टर अपने पुराने अंदाज 'सीरियल किसर' वाली भूमिका को लेकर चर्चा में आ गए है। इसमें मौनी ने यास्मीन अली का रोल प्ले किया है। वीडियो में दोनों एक बार में नजर आते हैं। इस दौरान पर्सनल टॉक के बीच इनके बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने के लिए मिलती है, जो बेहद ही रोमांटिक है। इमरान वेब शो में मौनी को रघु खन्ना बनकर किस करते हैं।

### कब और कहां देख सकेंगे 'शो टाइम'?

अगर इमरान हाशमी और मौनी रॉय की वेब सीरीज 'शो टाइम' की रिलीज की बात की जाए तो इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार से स्ट्रीम किया जाएगा। वेब शो को 8 मार्च 2024 को रिलीज किया जाना है। इसे सुमित रॉय ने क्रिएट किया है। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार डायरेक्टर हैं। इसके साथ ही वेब सीरीज का निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है।


मैंने कभी शादियों में डांस नहीं किया

## कंगना रनौत ने अंबानी पार्टी में सेलेब्स के परफॉर्म करने पर कसा तंज?



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत कुछ न कुछ कहती ही रहती हैं। इस बार भी उन्होंने तंज भरा पोस्ट किया है। उसमें इन्होंने शादियों में डांस करने पर अपनी राय दी है। बताया कि उन्होंने कभी शादी में डांस नहीं किया, भले उनको कितना ही लालच दिया गया हो।

साथ ही लता मंगेशकर का भी उदाहरण दिया। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग में सलमान खान-शाहरुख खान समेंत बॉलीवुड के तमाम सितारे पहुंचे थे। उन्होंने परफॉर्मेंस भी दी थी। लेकिन कंगना रनौत नजर नहीं आई थीं। लोगो उन्हें वीडियोज में तलाश रहे थे कि वह कहा हैं। अब एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री की मशहूर हस्तियों पर तंज कसा है, जिन्होंने अंबानी पार्टी में जाकर, वहां डांस किया। कंगना रनौत ने मंगलवार, 5 मार्च को इंस्टाग्राम स्टोरी में सभी की तुलना दिवंगत गायिका लता मंगेशकर से की। उन्होंने उनका एक आर्टिकल शेयर किया, जिसमें लता मंगेशकर ने कहा था कि अगर उन्हें कोई 5 मिलियन डॉलर भी दे तो भी वह शादियों में नहीं गाएंगी। अब इसी की आड़ में कंगना रनौत ने लिखा, मैंने बहुत आर्थिक तंगी झेली हैं, लेकिन लताजी और मैं केवल दो लोग हैं, जिनके गाने सबसे ज्यादा हिट हुए हैं।



## रिहाना ने ले ली ओरी की ये खास चीज

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग फेस्टिवल्स में देश-विदेश के कई जानी-मानी हस्तियां पहुंची। इंस्टाग्राम पर इस फेस्टिवल की तस्वीरें और वीडियो छाए हुए हैं, जब भी इंस्टाग्राम खोलो ऐसा लगता है कि हम भी जामनगर पहुंच गए हैं जहां ये वेडिंग फेस्टिवल हुआ। अब सोशल मीडिया स्टार ओरी ने भी इस पार्टी की इनसाइड तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं।

इन तस्वीरों से पता चलता है कि रिहाना ने ओरी से उनकी खास चीज ले ली है। दरअसल ओरी बेहद स्टाइलिश क्रिस्टल इयररिंग के साथ पार्टी में पहुंचे थे, रिहाना को ये इयररिंग पसंद आ गई फिर क्या था ओरी ने इयररिंग उतारी और रिहाना को दे दी। उसके बाद रिहाना ने तस्वीरें क्लिक कराई तो वो इयररिंग के साथ नजर आई। एक तस्वीर में रिहाना शाहरुख खान के साथ नजर आ रही हैं उसमें भी वो इयररिंग फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। ओरी ने कुछ वीडियोज भी शेयर किए हैं। एक वीडियो में रिहाना को ओरी इयररिंग देते नजर आ रहे हैं और रिहाना कहती हैं कि उन्हें ये पसंद है। वहीं एक वीडियो में रिहाना अनंत और राधिका के बीच खड़ी हैं और राधिका को प्यार से गले लगाते दिख रही हैं।

वहीं एक तस्वीर में रिहाना राधिका मर्चेंट के साथ, अंबानी की बड़ी बहू श्लोका और ईशा अंबाी के साथ नजर आ रही हैं। इससे पहले ओरी ने अपने लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं, जहां वो क्रिस्टल इयररिंग्स के साथ छाए थे।



## राधिका बदली नाम की स्पेलिंग

बी-टाउन स्टार्स को सक्सेस पाने के लिए हर वह चीज करते हुए देखा जाता है जो वह कर सकते हैं। बात चाहे अलग-अलग किरदार निभाने की हो या फिर अपनी पर्सनैलिटी को चेंज करने की दर्शकों के दिल में जगह बनाने के लिए स्टार्स हर मुमकिन कोशिश करते हैं। कुछ स्टार्स ऐसे भी हैं जिन्होंने सफलता पाने के लिए ज्योतिष विद्या का सहारा लिया है। सक्सेस पाने या फिर परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए हमने कई लोगों से रत्नों का सहारा लेते हुए देखा है लेकिन कुछ सितारे तो ऐसे हैं जिन्होंने अपने नाम की स्पेलिंग तक बदल डाली है। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस राधिका मदान का नाम भी शामिल हो गया। जी हां, राधिका मदान ने भी अपनी नाम की स्पेलिंग को बदला है।